संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -134 शुक्रवार, 15 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### पद्मश्री सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के तौर पर ली शपथ



**नई दिल्ली,14 मार्च 2024(ए)।** समाजसेवी सुधा मूर्ति ने आज अपने पति एन आर नारायण मूर्ति की मौजूदगी में राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदन के नेता पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष और बच्चों के लिए कई किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति (73) को पिछले शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।

# हिंदू शरणार्थियों ने किया प्रदर्शन

» सीएम बोले...पाकिस्तानियों ने हंगामा किया...

» शरणार्थी आए तो चोरियां-लूट बढ़ेगी...





**नई दिल्ली,14 मार्च 2024(ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि आज कुछ पाकिस्तानियों ने मेरे घर के सामने प्रदर्शन और हुड़दंग की। दिल्ली पुलिस ने उन्हें पूरा सम्मान और संरक्षण दिया और भाजपा ने समर्थन किया।

दरअसल, केजरीवाल के सीएए पर दिए बयान से हिंदू शरणार्थी खफा हैं। उन्होंने सुबह 11 बजे उनके आवास के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। इसमें महिलाएं और बच्चों ने भी नारे लगाए। सभी प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उनके आवास के पहले रोक रखा था।

शाम को सीएम केजरीवाल ने फिर वही लाइन दोहराई और एक्स पर एक पोस्ट किया। लिखा, आज कुछ पाकिस्तानियों ने मेरे घर के सामने प्रदर्शन और हुड़दंग किया। दिल्ली पुलिस ने उन्हें पूरा सम्मान और संरक्षण दिया। बीजेपी ने इनका पूरा समर्थन किया। बीजेपी मुझसे नफरत करते-करते पाकिस्तानियों के साथ खड़ी हो गई, भारत के साथ गद्दारी करने लगी? इस सीएए के बाद ये पाकिस्तानी पूरे देश में फैल जाएंगे और इसी तरह हमारे ही मुल्क के लोगों को इस तरह हड़काएंगे और हुड़दंग करेंगे।

दोपहर में कहा था- हमारे हिस्से की नौकरी दूसरे देश से आए लोगों को दी जाएगी।

प्रदर्शन के बीच केजरीवाल ने आज (14 मार्च) फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि सीएए देश के लिए खतरनाक है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्प संख्यकों के लिए भारत सरकार दरवाजे खोलेगी तो उन्हें यहां नौकरियां और घर दिए जाएंगे। भारत में वैसे ही रोजगार की कमी है। यहां के लोगों की नौकरियां दूसरे देश से आए लोगों को दी जाएंगी। ये मुझे मंजूर नहीं। उन्होंने लोगों से सवाल किया कि क्या सामने पाकिस्तानियों की झुग्गी होगी तो आप सुरक्षित महसूस करोगे? सीएए को लेकर केजरीवाल के इन बयानों पर गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि केजरीवाल को जानकारी नहीं है। नागरिकता 2014 तक भारत में आ चुके शरणार्थियों को दी जाएगी।

#### केजरीवाल ने 2 दिन में दो बयान दिए

#### आज का बयानः देश वासियों के टैक्स पर पाकिस्तानियों को बसाएंगे ?

केजरीवाल ने गुरुवार को कहा, पार्टीशन के वक्त जो माइग्रेशन हुआ था, उससे भी बड़ा माइग्रेशन होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में 3-4 करोड़ अल्पसंख्यक रहते हैं। भारत की नागरिकता उनका सपना और भारत ने दरवाजा खोल दिया तो वो यहां आएंगे। तब आप क्या करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने सीएए कानून लागू करने से किया इंकार

**नई दिल्ली,14 मार्च 2024 (ए)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर मोदी सरकार नोटिफिकेशन जारी कर चुकी है। देशभर में इस नए कानून को लागू किया जा चुका है लेकिन, सीएए को लेकर देश के भीतर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के बाद केरल राज्य में भी इस कानून के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। 14 मार्च को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने घोषणा की कि केरल में नागरिकता अधिनियम (सीएए) लागू नहीं किया जाएगा। इससे पहले दिन में केंद्र द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम को अधिसूचित करने के कुछ दिनों बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीएए कानून कभी वापस नहीं लिया जाएगा और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार इसके साथ कभी समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश में भारतीय नागरिकता सुनिश्चित करना हमारा संप्रभु अधिकार है।



हम इस पर कभी समझौता नहीं करेंगे और सीएए कभी वापस नहीं लिया जाएगा। एक तरफ मोदी सरकार सीएए कानून को लेकर पीछे हटने को तैयार नहीं है, दूसरी तरफ देश के भीतर इसे लेकर विरोध तेज हो गया है।

# रामनाथ कोविंद पैनल ने 'एक देश एक चुनाव' पर राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

## 'एक देश,एक चुनाव' के पक्ष में है पैनल



**नई दिल्ली,14 मार्च 2024(ए)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने आज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। सुबह के वक्त इस रिपोर्ट को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा गया है। रिपोर्ट में पैनल ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि समिति की सर्वसम्मत राय है कि एक साथ चुनाव कराए जाने चाहिए।

#### सभी राज्यों में एक साथ चुनाव करने का प्रस्ताव

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। गौरतलब है कि भारत में जब मौजूदा सरकार का कार्यकाल खत्म हो जाता है या फिर किसी कारण से सरकार भंग हो जाती है तो संसद के सदस्यों के चुनाव के लिए लोकसभा चुनाव या फिर राज्य विधानसभा चुनावों का अलग-अलग आयोजन किया जाता है।

#### बीजेपी के मेनिफेस्टो में था... वन नेशन-वन इलेक्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की जरूरत पर कई मौकों पर बात की है और 2014 के लोक सभा चुनाव में यह पार्टी के मेनिफेस्टो का भी हिस्सा था। कोविंद की अध्यक्षता वाले इस पैनल के अन्य सदस्यों में गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, पूर्व वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह, पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष कश्यप और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे शामिल हैं।

समिति को त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव, दलबदल या ऐसी कोई अन्य घटना होने पर एक साथ चुनाव से जुड़े संभावित समाधानों का विश्लेषण और सिफारिश करने का काम सौंपा गया था। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय, राज्य, नागरिक निकाय और पंचायत चुनावों के लिए वैध मतदाताओं के लिए एक एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र को लेकर भी समाधान खोजा गया है।

## रिटायर्ड आईएएस ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू बने नए चुनाव आयुक्त




#### पीएम की अध्यक्षता में लिया गया फैसले

**नई दिल्ली,14 मार्च 2024(ए)।** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को अंतिम रूप देने के लिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की गुरुवार दोपहर बैठक ली गई। बैठक में खाली पदों पर भर्ती के लिए दो नामों पर मुहर लगा दी। समिति ने ज्ञानेश कुमार गुप्ता और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है। दोनों रिटायर्ड आईएस हैं। दोनों अलग-अलग समय में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से रिटायर्ड हुए हैं। आपको बता दें निर्वाचन आयोग के दोनों आयुक्त के पद पहले अनूप चंद्र पाण्डेय के फरवरी में रिटायरमेंट और फिर हाल ही में अरुण गोयल के इस्तीफे से खाली हुए थे।

#### नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

नव नियुक्त चुनाव आयुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। दोनों की मोदी सरकार की अहम योजनाओं को अमल में लाने की महती भूमिका रही है। एक आयुक्त जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के मिशन में शामिल रहे वहीं दूसरे आयुक्त ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने में अहम भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस कमेटी ने नए चुनाव आयुक्तों का चयन किया, उसमें संसद में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी और एक कैबिनेट मंत्री शामिल थे। अधीर रंजन ने इस नियुक्ति पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि चयन से ठीक दस मिनट पहले उन्हें दस नामों की सूची प्रदान की गई थी।

# रांची पुलिस ने हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के एडिशनल डायरेक्टर सहित अन्य को भेजा समन

**रांची,14 मार्च 2024(ए)।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर पर रांची पुलिस ने ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार एवं अमन पटेल को समन भेजा है।

पुलिस ने इन्हें सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत भेजे गए समन में 21 मार्च को उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा है। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के अफसरों को राहत दे रखी है।. हाईकोर्ट ने विगत 4 मार्च को ईडी अफसरों की याचिका पर सुनवाई के बाद उनके खिलाफ किसी तरह की त्वरित कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। बता दें कि हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के कुछ घंटे पहले बीते 31 जनवरी को रांची के एसटी- एससी थाना में आवेदन देकर ईडी के अफसरों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने लिखा था कि जब वह 30 जनवरी को नई दिल्ली से रांची लौटे तो मीडिया में आई खबरों से जानकारी मिली कि नई दिल्ली में झारखंड भवन और शांति निकेतन स्थित आवास पर उनकी अनुपस्थिति में प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था।



उन्होंने आरोप लगाया था कि 29 जनवरी को उनके दिल्ली स्थित आवास की ईडी अफसरों द्वारा जिस तरह तलाशी ली गई और जिस तरह उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया गया, वह अपमानजनक है। सोरेन ने कहा था कि वे अनुसूचित जनजाति से आते हैं। ईडी का ऑपरेशन उन्हें और उनके पूरे समुदाय को अपमानित करने वाला है।

## सांसद का अश्लील वीडियो वायरल

### महिला के साथ न्यूड दिख रहे एमपी...मचा बवाल

**सोनीपत,14 मार्च 2024(ए)।** एक वरिष्ठ भाजपा सांसद का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।. वीडियो में एक महिला के साथ नग्न दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद बवाल मच गया है. हरियाणा के सोनीपत के सांसद का न्यूड वीडियो ने राजनीति में हड़कंप मचा दिया है।.



वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे शख्स की शक्ल हुबहू भाजपा के नेता जैसी है। ये वायरल वीडियो सोनीपत के भाजपा के सांसद 67 वर्षीय रमेश कौशिक की होने का दावा किया जा रहा है। वीडियो में कथित तौर पर बीजेपी सांसद रमेश कौशिक और एक महिला न्यूड हालत में दिख रहे हैं। वायरल वीडियो में हुई बातचीत के अनुसार ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि जो महिला वीडियो में दिख रही है उसे नौकरी के नाम पर बुलाया गया है।. वीडियो में दिख रहा शख्स महिला का नाम पूछता है ये भी दिख रहा है कि ये वीडियो महिला ने ही बनाया है।

## जेल में बंद आरोपी का वीडियो लाईव

#### पुलिस के फूले हाथ-पांव

**बरेली,14 मार्च 2024 (ए)।** यूपी के बरेली में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। दरअसल ठेकेदार राजेश हत्याकांड के जेल में बंद आरोपी आसिफ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह जल्दी बाहर आने की बात कह रहा है। वीडियो वायरल होने से पुलिस और जेल प्रशासन में हड़कंप मचा है कि आखिर हत्यारोपी तक मोबाइल कैसे पहुंचा। वहीं, एसपी सिटी राहुल भाटी ने जेल में पहुंचकर मामले की जांच की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। यह



शाहजहांपुर के चर्चित ठेकेदार राकेश हत्याकांड के आरोपी आसिफ का है, जो इन दिनों बरेली जेल में बंद है। आरोपी मेरठ का रहने वाला है। वायरल हो रहे वीडियो में वह कह रहा है, 'स्वर्ग में मौज ले रहे हैं। जल्दी आ रहे हैं, चिंता करने की कोई जरूरत नहीं। बड़ों का आशीर्वाद है। दोस्त तो दिल में रहते हैं। उनके लिए अलग से जगह नहीं बनाई जाती। जिंदगी में सबकुछ पैसा ही नहीं होता। संबंध कमाना जरूरी है। लोग पूरी जिंदगी गुजार देते हैं लेकिन संबंध नहीं कमा पाते। पैसा क्या है। कोई तुम्हें दिलेरी के लिए याद करे यह भी जरूरी होता है। क्षत्रिय जीवन जीना हर किसी के बस की बात नहीं। पैसा चाहिए हो तो हमसे ले लेना।' यह वीडियो वायरल होने के बाद वादी राजेश ने अफसरों से मौखिक शिकायत की और खुद को खतरा भी बताया। वहीं, सीओ सिटी बीएस वीर कुमार ने बताया कि शाहजहांपुर जनपद का नहीं है, जहां का है। वहां लिखकर भेजा जाएगा।

## 19 वेबसाइट,10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर सरकार ने लगाया बैन

**नईदिल्ली,14 मार्च 2024(ए)।** सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट, ओटीटी और कई वेबसाइट पर बड़ी कार्रवाई की है। सूचना एवं ब्रॉडकास्ट मंत्रालय ने 18 ओटीटी, 19 वेबसाइट, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंड्ल को ब्लॉक किया है। इन सभी पर




अश्लील कंटेंट परोसने का आरोप है। सरकार की ओर से इन्हें कई बार चेतावनी भी दी गई थी लेकिन इनकी कानों में जूं तक नहीं रेंग रहे थे। जिन सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक किया गया है उनमें 12 फेसबुक के, 17 एक्स के, 16 इंस्टाग्राम और 12 यूट्यूब के अकाउंट शामिल हैं।इन प्लेटफॉर्म, अकाउंट, एप्स और वेबसाइट पर आईटी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और अशोभनीय प्रतिनिधित्व का उल्लंघन करने वाली सामग्री महिला (निषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिन एप्स पर कार्रवाई हुई है उनमें से 7 गूगल प्ले-स्टोर पर थे और 3 एपल के एप स्टोर पर थे। सभी 57 सोशल मीडिया अकाउंट को डिसेबल कर दिया गया है।

# लोगों ने माइनिंग अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

» ग्रामीणों का अफसरों पर आरोप

» प्राइवेट गुंडे लेकर पहुंची थी टीम

**शाजापुर,14 मार्च 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के शाजापुर में अवैध उत्खनन रोकने गए माइनिंग अफसर की गाड़ी पर पथराव हो गया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इस घटना में एक ग्रामीण घायल हो गया। ग्रामीणों के विरोध और पथराव करने पर सरकारी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं सूचना पर एसडीएम, एसडीओपी सहित अन्य अफसर मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके के लिए रवाना हुई है।

जानकारी के अनुसार, जिला खनिज अधिकारी शाजापुर आरिफ खान पुलिस लाइन से अतिरिक्त रिजर्व फोर्स के साथ अवैध उत्खनन की सूचना पर पोकलेन मशीन जब्त करने मोहम्मदपुर मछनई के पास नदी क्षेत्र में पहुंचे थे। जहां पहुंचते ही



ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ठेकेदार के प्राइवेट गुंडे लेकर अफसर बंद पड़ी पोकलेन मशीन को जबरन जब्त करने आए है।

#### ठेकेदार के गुंडों के साथ बंद पड़ी मशीन जब्त करने आए थेः ग्रामीण

अवैध उत्खनन में संलग्न लोगों ने पथराव शुरू कर दिया और माइनिंग अधिकारी की गाड़ी इस पथराव में क्षतिग्रस्त हुई है। ग्रामीणों ने खुद वीडियो बनाए और उसमें विरोध दर्ज कराते हुए दिख रहे हैं कि माइनिंग का ठेका लेने वाले ठेकेदार के गुंडों के साथ गलत तरीके से बंद मशीन पकड़ने आए है। दोनों ओर से पत्थरबाजी में एक कंजर समाज के युवक को भी आंख के ऊपर गंभीर चोट आई है। घायल का नाम अभी अफसरों के पास भी नहीं है।

#### बिना तैयारी के कार्रवाई करने पहुंची थी टीम

वहीं सूचना पर शुजालपुर प्रभारी एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह, एसडीओपी पिंटू कुमार बघेल, कालापीपल पुलिस थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा सहित अमला व अतिरिक्त पुलिस बल भी गांव के लिए रवाना किया गया है। बताया जा रहा है खनिज विभाग का दल बिना स्थानीय प्रशासनिक अमले, लोकल पुलिस प्रशासन को सूचना दिए वहां बिना तैयारी के कार्रवाई करने के लिए पहुंचा था।

## अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आया तो यह किसानों की आवाज बनेगा : राहुल

**नासिक,14 मार्च 2024(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) अगर सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज़ बनेगा और ऐसी नीतियां बनाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सकें।



वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे।. गांधी ने कहा,विपक्षी गठबंधन इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी।

उन्होंने किसानों के लिए ऋण माफी, किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के पुनर्गठन, निर्यात आयात नीतियों के निर्माण में फसल की कीमतों की रक्षा करने और कृषि को जीएसटी से बाहर करने की कोशिश और सिर्फ एक कर पर काम करने वादा किया। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के कांग्रेस के वादे को भी दोहराया।

## संपादकीय

# चुनाव से ठीक पहले

सीएए को सिर्फ सीमित चुनावी नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है।केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू कर दिया है। इसके लिए जरूरी नियम जारी कर दिए गए हैं। जाहिर है, ये कदम 18वें आम चुनाव से ठीक पहले उठाया गया है। खबरों के मुताबिक हफ्ते भर के अंदर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने वाली है। उस पृष्ठभूमि में इसे सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एक चुनावी कदम के रूप में देखा जा सकता है। महजबी आधार पर ध्रुवीकरण भाजपा की एक प्रमुख राजनीतिक ताकत है।अगर चार साल पहले की घटनाओं पर- जब सीएए पारित हुआ था- गौर करें, तो तब इस कानून के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें मुस्लिम समुदाय ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी सिलसिले में दिल्ली में दंगा भी हुआ। इससे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हवा मिली थी। कानून लागू होने के साथ उन सारी घटनाएं की याद ताजा हो सकती है। इसके अलावा अगर फिर से इस कानून का विरोध हुआ, तो ऐसा माहौल और अधिक गरमा सकता है। बहरहाल, इस कानून को सिर्फ इस सीमित नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है। इस कानून के तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत आने वाले गैर-मुस्लिम व्यक्ति भारतीय नागरिकता के लिए अर्जी दे सकेंगे। इस तरह मजहब नागरिकता तय करने की एक कसौटी बन जाएगा। समझा जा सकता है कि यही व्यवस्था करना इस कानून का मुख्य मकसद है।वरना, अगर उद्देश्य पड़ोसी देशों में उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत देना होता, तो फिर इस कानून के दायरे में श्रीलंका और म्यांमार को भी शामिल किया जाता- जहां अधिकतर उत्पीड़ित व्यक्ति हिंदू धर्म को मानने वाले होते हैं। जाहिर है, कानून उत्पीड़ित शरणार्थियों को राहत देने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय राज्य के मूलभूत स्वरूप में परिवर्तन के लिए बनाया गया है। भाजपा का हमेशा से यह एक वैचारिक उद्देश्य रहा है। इस बीच चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायरे याचिकाओं को लटका रखा है, इसलिए सरकार के इस ओर बढने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

# कांग्रेस की एक-एक सीट भी छीननी होगी

**भारतीय** जनता पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहे मुताबिक 370 का लक्ष्य हासिल करने के लिए काम कर रही है। लेकिन इसके साथ साथ यह कोशिश भी है कि कैसे कांग्रेस की जीती हुई एक एक सीट भी उससे छीन ली जाए। भाजपा गंभीरता से इस बात के प्रयास कर रही है कि कांग्रेस को बिल्कुल खत्म कर दिया जाए।याद करें प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बजट सत्र में क्या कहा था? उन्होंने कांग्रेस के लिए कहा था कि अगली बार मतदाता दर्शक दीर्घा में बैठा देंगे। इसके बाद अभी पिछले दिनों एक राष्ट्रीय चैनल का चुनाव पूर्व सर्वेक्षण आया, जिसमें कहा गया कि कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल मिला कर 37 सीटें मिलेंगी। सोचें, 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। इस बार 37 सीटों का अनुमान जाहिर किया जाता है।बहरहाल, पिछले चुनाव में कई राज्यों में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। कई राज्यों में कांग्रेस को एक एक सीट मिली थीं। बिहार, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में कांग्रेस जैसे तैसे एक एक सीट जीतने में कामयाब रही थी। लेकिन इस बार भाजपा इन राज्यों में उसकी जीती एक एक सीट भी छीन लेने की राजनीति कर रही है।सोचें, झारखंड में भाजपा को कांग्रेस की जीती हुई सिंहभूम सीट छीनने का कोई दूसरा तरीका नहीं सुझा तो उसने कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को ही अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। मधु कोड़ा के ऊपर कई तरह के झूठे सच्चे आरोप लगाने के बाद अंत में भाजपा ने उनको अपनी पार्टी में लिया। अब कांग्रेस का प्रयास झारखंड में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का खाता नहीं खुलने देने का है। बिहार में कांग्रेस और समूचे गठबंधन ने पिछली बार 40 में से सिर्फ एक सीट जीती थी। किशनगंज की सीट पर जैसे तैसे कांग्रेस के मोहम्मद जावेद 34 हजार वोट से जीते थे। भाजपा, जदयू और लोजपा गठबंधन ने क्लीन स्वीप किया था। उसे 39 सीटें मिली थीं। भाजपा और लोजपा ने अपनी सभी सीटें जीती थीं।लेकिन 2020 में हुए लोकसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन ने शानदार वापसी की। लोकसभा की एक सीट जीतने वाली कांग्रेस 19 सीटों पर जीती और जीरो सीट पर रही राजद ने 75 सीटें जीतीं। बाद में अगस्त 2022 में नीतीश कुमार भाजपा का साथ छोड़ कर



राजद और कांग्रेस गठबंधन के साथ चले गए और भाजपा को हराने का संकल्प जताया।उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने का प्रयास किया और गठबंधन बनवा भी दिया। तब भाजपा के नेता कहते रहे कि नीतीश के लिए पार्टी के खिड़की, दरवाजे सब बंद हैं। लेकिन जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आया। भाजपा ने खिड़की, दरवाजे सभी खोल दिए और अपने गठबंधन में लाकर नीतीश को फिर मुख्यमंत्री बना दिया।सारे समझौते करके जदयू से तालमेल करने का एकमात्र मकसद यह है कि पिछली बार कांग्रेस जो एक सीट जीत गई थी वह छीन लेनी है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन को एक भी सीट नहीं जीतने देने के उद्देश्य से भाजपा ने जनता दल यू के साथ साथ उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टी से भी तालमेल किया है और लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों खेमों को भी साथ बनाए रखने के प्रयास में जुटी है।ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में बीजू जनता दल ने 12 और भाजपा ने आठ सीट जीती थी। कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली थी। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित नबरंगपुर की सीट पर कांग्रेस के प्रदीप कुमार मांझी चुनाव जीते थे। इस बार भाजपा ने अपने मिशन 370 और एनडीए के मिशन 400 के तहत बीजू जनता दल से तालमेल का दांव चला है। सोचें, 15 साल पहले दोनों पार्टियों के रास्ते अलग हो गए थे। 2009 के चुनाव के समय बीजू जनता दल ने भाजपा से तालमेल खत्म किया था।जब 2014 में नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने भाजपा की कमान संभाली तब से दोनों का प्रयास बीजद की जगह भाजपा को स्थापित करना था। लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिली तो वापस नवीन पटनायक से हाथ मिला लिया। कहा जा रहा है कि भाजपा लोकसभा में ज्यादा सीटें लड़ेगी और विधानसभा में बीजू जनता दल के लिए ज्यादा सीट छोड़ेगी। एक फॉर्मूले की चर्चा है, जिसके मुताबिक लोकसभा की 21 में से 14 सीटों पर भाजपा और सात पर बीजद लड़ेगी, जबकि विधानसभा की 147 में से एक सौ सीटों पर बीजद और 47 पर भाजपा लड़ेगी। पिछली बार बीजद को 112 सीटें मिली थीं।इसी तरह उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक सीट मिली थी। अमेठी से राहुल गांधी हार गए थे, जबकि रायबरेली से सोनिया गांधी जीती थीं। इस बार सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगी। वे राज्यसभा में चली गई है। और कहा जा रहा है कि उनकी सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा लड़ेंगी। इससे पहले ही भाजपा ने रायबरेली सीट कांग्रेस से छीनने का दांव चलना शुरू कर दिया है। उस पूरे इलाके में जीते विपक्षी विधायकों को तोड़ा जा रहा है।ऊंचाहार के समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पांडेय को भाजपा ने हाल के राज्यसभा चुनाव के समय तोड़ दिया। उनकी विधानसभा रायबरेली लोकसभा सीट के तहत आती है। वहां से ब्राह्मण उम्मीदवार उतार कर भाजपा किसी तरह से रायबरेली सीट पर जीतने की कोशिश में जुटी है। सोचें, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी के बारे में! उसका मकसद बिल्कुल धूल चाट रही विपक्षी पार्टी को और रसातल में पहुंचा देना है!

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# मोदी बनना है...तो अपनाओ कुछ सरल से नियम

कॉटों पर चल , सफर तय कर आज जिस मुकाम की ओर बढ़ रही हूँ तभी जान सकती कि हृदय के गहरे घाव क्या होते हैं । हर एक घाव को महसूस कर तराश उसे शब्दों में पिरो कर कागज़ों पर भावों संग उतारना , भी एक कला है । इतना आसान नहीं जितना पाठकों को पढ़ने में लगता । ठीक उसी तरह जो गहरे भावों संग कलम चला दूसरों का दर्द भी समझ , दूसरे के दर्द को महसूस कर इस कदर लिखे की जैसे हर एक घाव उस लेखक के ही भीतर उठे दर्द-ए भावों को अपना घाव समझते हुए लिखे वो भी गहरा , विशाल हृदय वाला लेखक,कलाकार ही कर सकता ऐसा तो। सच सरल शब्दों में कोई किसी ओर व्यक्ति की पीड़ा रूह से तभी समझ सकता जो उस पीड़ा से गुजर रहा या गुजर चुका हो । दरअसल मैं बात कर रही हूँ हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की । जो अपने वाक्चातुर्य,बेहतरीन नेतृत्व शक्ति अन्य बहुत सी खुबियों के कारण किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है ।

जिन्होंने परिवार के हालातों से जूंझते हुए अर्थात जिन्होंने बचपन में गरीबी देखी जो जानते हैं कि रोटी , दवा , मकान कितना जरूरी है हर एक इंसान के लिये जब इन सब चीजों का अभाव रहता है ना तो समझ आता की इनकी कीमत क्या है पैसा लगता इन सभी सुखों के लिये और पैसा पाने के लिए मेहनत , काम करने की जरूरत होती ठीक उसी तरह इन सभी नियमों और बातों को गॉठ कर उन्होंने जीवन यापन के लिये हर एक काम को सम्मान से किया । वो काम जो उन्हें रोजी देती थी । काम कोई भी छोटा बड़ा नहीं होता काम तो काम है जो दो पैसा हमें अपने साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण के लिये दे उसका सम्मान करो । यही सम्मान मोदी जी ने सदैव किया अपने काम के प्रति तभी वो जानते समझते गरीब की परिस्थितियों को,जिन परिस्थितियों का सामना उन्होंने किया शायद वो यही चाहते की उन परिस्थितियों से कोई भी ना गुजरे,शायद उनके जिंदगी की परिस्थितियां इतनी दुःखद थी कि वो आज उच्च मुकाम पर भी आकर अपने अतीत को नहीं भुला पा रहे खैर वैसे भी कहा जाता है कि इंसान कितना भी सफल हो जाए उसे अपनी पहली सीढ़ी को कभी नहीं भूलना चाहिए । अपनी पहली सीढ़ी के एहसास को वो आज भी महसूस करते ही होंगे तभी तो आज वो हर एक गरीब के लिये कितना कुछ सोच उन्हें सुविधा दिलवा रहे .. अगर एक सुविधा हो तो चलो माने भी यहां तो अनेकों सुविधाएं जब से मोदी जी के हाथ में भागदौड़ आई देश की तब से लेकर अब तक गरीबों के लिये कितनी सुविधाएं आई हैं जैसे - आयुष्मान कार्ड , निःशुल्क राशन , आवास योजना आदि बहुत सी सुविधाएं हाल ही में सोशल मीडिया पर देख रही समाचार चैनल पर जब उत्तर प्रदेश राज्य में गरीबों के लिए बनाई गई आवासीय योजना को देखा तो हैरान थी । कितने सुंदर मजबूत मकान बना कर दिये गये हैं उसमें शौचालय , रसोईघर, कमरे इतनी बड़ी सोसायटी की बच्चे भी मिल जुलकर खेल रहे थे । महिलाओं से जब न्यूज रिपोर्ट ने बात की तो हर एक महिला योगी जी और मोदी जी के द्वारा किये गये कार्यों का बार-बार शुक्रिया अदा कर रही थी ।

सभी का सपना होता है , अरे ! चाहे अमीर हो या गरीब सब सपना देखते ही हैं की उनका अपना मकान हो सर छुपाने के लिये परंतु हर कोई इतने नसीबों वाला कहाँ की वो सबसे मंहगे सपने को अपनी इस अवस्था में पूरा कर सके तभी तो इन असहायो गरीबों के सपनों को साकार रूप देने के लिये , लिये , लिये गये प्रण को पूरा कर दिखाया है आवासीय योजना ने ।

हॉ शांत बहाव का एक दरिया जो शांति से बहा जा रहा अगर उसमें कोई पत्थर फेंके तो उस पत्थर से उड़ पानी के छीटे पत्थर मारने वाले पर पलट के पड़ते ही हैं । ठीक उसी तरह यदि कोई वार करे तो पहले शांत हो सुन लेते और फिर शांति से ही ऐसा पलटवार करते की दूर-दूर तक जितने भी पत्थर मारने वाले हैं वो दुबक जाते । परंतु इस बार तो उनके ऊपर फेंके शब्दों के कटू वार का मोदी जी ने नहीं बल्कि उनके साथ खड़ी जनता ने मुंह तोड़ जवाब दिया । जातने हैं पत्थर के रूप में कटू शब्द क्या थे कि मोदी जी अकेले हैं इसलिए वो क्या जाने परिवार क्या होता है ? परंतु इसी का जवाब दे जनता ने पलटवार कर कहा मोदी जी का साथ देते हुए की वो अकेले नहीं हैं भारत की तमाम जनता उनके साथ है उनका परिवार है । बहुत ने कहा हम हैं मोदी का परिवार और इसी नारे की जैसे लहर सी छा गई है । हॉ सच कहूं तो इस नारे का हिस्सा बनना मुझ लेखिका को भी अच्छा लगता है । गर्व से कहती हूं मैं भी हूँ मोदी का परिवार । जब शांत रहकर जवाब ऐसा दो की सॉप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे । साथ ही कारवां भी साथ चले । यही तो प्रतिभा और असली राजनेता की खूबी है कि कोई कुछ कहे तो अपने आप को उत्तेजित कर बात को गुस्से में बिगाड़ें नहीं बल्कि शांति से कुछ दिन ही सही पर विचार करें और फिर मैदान में इस तरह की रणनीति बना कर उतरें की सब उस रणनीति के ही कायल हो जाएं और कटु बोलने वाले अपना सा मुंह लिये घायल हो जाएं ।

अब ज़रा सोचिये कटू शब्दों के बाण चलाने वालों आखिर ऐसी क्या खुबी है मोदी जी और योगी जी में की लोग उनके इतने दीवाने हैं । जवाब मैं स्वयं देती हूँ कारण यह है कि वो हर एक का दर्द जानते हैं क्यों कि वो इन्हीं दर्द और मुश्किलों से निकल कर यहॉ तक पहुंचे हैं सरल नहीं है अपनी जगह बनाना करोड़ों के दिल में । करोड़ों के दिल में घर बनाने के लिए खुद के भीतर भी गुणों का भंडार होना चाहिए और वो भंडार है सौम्यता,सरलता,मृदुभाषी , दूसरों के दर्द को समझना , झुकना , घमंड से कोसों दूर रहना , मिल-जुलकर रहना आदि और यही सब गुणों से परिपूर्ण हैं मोदी और योगी । सीखें,समझे ।



**वीना आडवाणी**
तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## व्यंग्य

करते सबके खामियों का बखान ऐसे
खुद की किरदार मे
फरिश्ते हो जैसे।।
पाक बन आरोप सब पर लगाते ऐसे
कुछ गलत ना किया हो
जगत मे जैसे।।
अपने को गंगा सम
पतित बताते जैसे
दूजे को गटर की पानी
ओ समझते ऐसे।।
हमें तो जहर की समंदर
ओ कहते ऐसे
स्वयं अमृत की घड़ा से
निकला हो जैसे।।
हम पर असफलता की
ठीकरा फोड़ते ऐसे
तिनका-तिनका जोड़
महल खड़ा किया हो जैसे।।
ओ अपने को हमेशा बड़ा बताते
ऐसे हर जिम्मेदारी को
निभा रहा हो जैसे।।
राष्ट्र प्रेम की बातें खूब करते ओ ऐसे
रक्त मे बह रहा
राष्ट्रवाद की धारा जैसे।।
परोपकार का पाठ
सबको पढ़ा रहा ऐसे
निज स्वार्थ से कोसों
दूर रहा हो वह जैसे।।
पर्यावरण संरक्षण पर बात करते ऐसे
मानों हजार पौधा
धरा पर रोपे हो जैसे।।




**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर
गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लव आजकल

लव कभी होता था दिल से
अब होता है हॉट लुक से
कभी होता थी घंटों बातें फील से
अब होती है चैट ऐप से
पहले लव कंफर्मेशन के लिए
करना पड़ता था वेट
अब कन्फर्मेशन के लिए
फिक्स होता है डेट
पहले प्रेम-पत्र करता था
दिल का उद्गार
अब इमोजी से होता है
प्रेम का इजहार
पहले मिलना होता था
मुश्किल से कभी-कभार
अब तो 24 ×7
ऑनलाइन हैं तैयार
पहले होती थी ख्वाहिश
जीवन भर साथ की
अब रहती है ख्वाहिश
अगले डेट पर कैंडल लाईट की
पहले गिफ्ट बोलता था
प्यार के बोल
अब शॉपिंग, थियेटर रेस्टोरेंट हैं
प्यार के डोर
इसलिए मेरे दोस्त
आजकल लव को न लें
ज्यादा सीरियस
न करें ज्यादा हाय हाय
क्योंकि अगले बस स्टॉप पर
हो सकता है
आपके लव को हमेशा के लिए
टाटा,बाय बाय ।



**मृत्युंजय कुमार मनोज**
ग्रेटर नोएडा
उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राजस्थान में कांग्रेस ने उतारे नए प्रत्याशी

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार चुनाव में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इसीलिए अब तक घोषित 10 प्रत्याशियों में से किसी भी पुराने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव मैदान में नहीं उतरें हैं। यदि यह सभी नेता भी चुनाव मैदान में उतरने तो कांग्रेस बीजेपी में कड़ा मुकाबला देखने को मिलता। हालांकि अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को इस बार भी लोकसभा चुनाव में उतार गया है। मगर उनका क्षेत्र बदलकर जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही कर दिया गया है। दो दिन पूर्व भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चूरू के सांसद राहुल कस्वां को भी चूरू से प्रत्याशी बना दिया है। इसके साथ ही उदयपुर सीट पर आईएएस से इस्तीफा देने वाले ताराचंद मीणा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं। पिछली बार बीकानेर से मदन गोपाल मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2014 में पूर्व सांसद शंकर पन्नू को प्रत्याशी बनाया गया था। चूरू संसदीय सीट पर दो बार भाजपा से सांसद बने राहुल कस्वां को प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां चूरु से चार बार सांसद रह चुके हैं। जिले में इन्होंने ही सबसे पहले भाजपा का खाता खोला था। मगर राहुल कस्वां का टिकट काट देने से वह कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। चूरू से पिछली बार रफीक मंडेलिया व 2014 में प्रताप पूनिया को प्रत्याशी बनाया गया था।

झुंझुनू सीट से विधायक बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया गया है। चार बार के विधायक बृजेंद्र वाला गहलोत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री थे। उनके पिता शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक, केंद्र व राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे। झुंझुनू से पिछली बार सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को व 2014 में बृजेंद्र ओला की पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया गया था।

यादव मतदाताओं की बहुलता वाली अलवर सीट पर मुंडावर विधायक ललित यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। ललित यादव ने पिछला विधानसभा चुनाव 34526 मतों से जीता था। अलवर से पिछले दो बार कांग्रेस से भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़कर बड़े अंतर से पराजित हुए थे। भरतपुर सुरक्षित सीट से संजना जाटव को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कठूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य है तथा मात्र 26 साल की उम्र में ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई है। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है।

टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं। यहां से सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मगर उन्होंने अपने विश्वासपात्र हरीश मीणा को मैदान में उतार दिया है। हरीश मीणा 2014 में भाजपा से सांसद व 2018 तथा 2023 में कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। वह पूर्व में राजस्थान पुलिस के डीजीपी रह चुके हैं।

जोधपुर में करण सिंह उचियारड़ा को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछली बार वहां अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत उम्मीदवार थे। मगर 3 लाख वोटो से हार गए थे। 2014 में वहां से केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी प्रत्याशी रही थी। जोधपुर लोकसभा सीट को कभी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता था। वह जोधपुर से पांच बार सांसद व छह बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। मगर पिछले लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र की करारी हार के चलते उन्होंने अपने पुत्र वैभव गहलोत को जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही सीट से प्रत्याशी बनवाया है। जोधपुर से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है।

जालौर-सिरोही सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार यहां से रतन देवासी प्रत्याशी थे। जबकि 2014 में चित्तौड़गढ़ के रहने वाले उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया था। उदयपुर सीट से उदयपुर में कलेक्टर रह चुके ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया गया है। 2019 व 2014 में यहां से रघुवीर मीणा कांग्रेस प्रत्याशी रहे थे। चित्तौड़गढ़ सीट पर उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया है। आंजना गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे तथा पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में पिछली बार गोपाल सिंह शेखावत व 2014 में गिरिजा व्यास चुनाव लड़ चुकी है। उदयलाल आंजना 2014 में जालौर-सिरोही सीट से चुनाव लड़कर हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में भाजपा से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

कांग्रेस ने इस बार तीन मौजूदा विधायक झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव, टोंक- सवाई माधोपुर से हरीश मीणा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा सांसद राहुल कस्बा को चूरू से तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हरीश मीणा व ताराचंद मीना को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने तीन विधायकों को मैदान में उतार दिया है। वहीं पांच अन्य सीटों पर विधायकों कोटा से अशोक चांदना, दौसा से मुरारीलाल मीणा, राजसमंद से सुदर्शन सिंह रावत, बाड़मेर से हरीश चैधरी व करौली-धौलपुर से अनीता जाटव के नाम चल रहें है। कांग्रेस में चर्चा है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भारतीय आदिवासी पार्टी को, सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को तथा नागौर व बाड़मेर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को गठबंधन में दी जा सकती है। इसी के चलते इन सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नाम तय नहीं किए गए हैं। हालांकि बाड़मेर से विधायक हरीश चौधरी गठबंधन का विरोध कर रहे हैं। वह बाड़मेर से सांसद रह चुके हैं तथा चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी ही बाड़मेर सीट से चुनाव लड़े। इसी के चलते अभी गठबंधन की घोषणा नहीं हो पाई है। कांग्रेस के लिए इस बार का चुनाव वर्चस्व का सवाल बना हुआ है। विधानसभा में मिली हार के बाद कांग्रेस के पास यह सुनहरा अवसर है की वह पिछली दो बार की हार को जीत में बदलकर अपना खोया जनाधार फिर से मजबूत करने की दिशा में अग्रसर हो।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू
राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कोई रास्ता भी नहीं बताता है

मझधार मे तो फंसी है नैया
मिल जाये कोई तो खेवैया
उलझन समझ नहीं आता है
कोई रास्ता भी नहीं बताता है
किस तरह से साथ निभाये
कैसे दिल को अब समझाये
दांव मे सब कुछ लग जाता है
कोई रास्ता भी नहीं बताता है
जीवन भी तो जैसे व्यर्थ हो
कंही कोई ना अब अर्थ हो
निर्वाह का ही डर सताता है
कोई रास्ता भी नहीं बताता है
अब करें क्या और कैसे-कैसे
उम्र बीत जाये बस जैसे तैसे
उम्मीद कुछ हाथ नहीं आता है
कोई रास्ता भी नहीं बताता है
उलझा हुआ यहाँ हर आदमी है
स्व संघर्ष मे मशगुल हर कोई है
कौन किसका साथ निभाता है
कोई रास्ता भी नहीं बताता है
कुछ करें जतन अब तो मन से
शेष है जीवन जो तन मन से
शायद यही साथ -2 जाता है
कोई रास्ता भी नहीं बताता है




**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## एक बार मेहनत करके तो देख

उजाला तुझे जरूर मिलेगा
आंखों को जरा उठाकर तो देख
सारा जमी सारा आसमां मिलेगा
एक बार मेहनत करके तो देख।
सारा सुख चैन तूने गंवाया
कुछ और कदम चलकर तो देख
मंजर तुझे जरूर मिलेगा
एक बार मेहनत करके तो देख।
लाखो चुनौतियों का सामना किया
थोड़ा और कोशिश करके तो देख
मंजिल तुझे जरूर मिलेगा
एक बार मेहनत करके तो देख।
कई और संघर्षो का मैदान मिलेगा
अपने अंदर हौसला रख कर तो देख
लक्ष्य तुझे जरूर हासिल होगा
एक बार मेहनत करके तो देख।
मुकाम तुझे जरूर मिलेगा
खुद पर विश्वास करके तो देख
सारा जमी सारा आसमां मिलेगा
एक बार मेहनत करके तो देख।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# इस समय भला क्यों सीएए ?

केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए लागू करने के लिए चार साल से ज्यादा समय तक इंतजार किया। इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता है कि सत्तारूढ़ भाजपा को इसके असर का अंदाजा नहीं है। साढ़े चार साल के बाद अगर किसी कानून को अमल में लाया जा रहा है तो निश्चित रूप से उसके हर पहलू पर विचार किया गया होगा।सरकार के स्तर पर इसे लागू करने की प्रशासनिक व कानूनी चुनौतियों पर विचार किया गया होगा तो भाजपा के स्तर पर राजनीतिक चुनौतियों का आकलन किया गया होगा। जब तक भाजपा को इस पर अमल करने से फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा दिखता रहा तब तक इसे रोका गया। अब इसे लागू किया जा रहा है तो इसका मतलब है कि भाजपा को नुकसान कम और फायदा ज्यादा दिख रहा है। यह भी कह सकते हैं कि इसे लागू करने के लिए हालात अभी अनुकूल दिख रहे हैं। लेकिन क्या अनुकूल हालात में लागू करने से इस कानून की चुनौतियां कम हो जाएंगी?चूंकि यह कानून लोकसभा चुनाव से ऐन पहले लागू हो रहा है इसलिए सबसे पहले इसके राजनीतिक पहलुओं पर ही विचार की जरुरत है। ध्यान रहे भाजपा की केंद्र सरकार ने दिसंबर 2019 में नागरिकता कानून में संशोधन किया था। अगर विशुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखें तो इस पर अमल रोकने का कारण 2021 के मई में होने वाले विधानसभा चुनाव थे। मई 2021 में एक ही साथ असम और पश्चिम बंगाल दोनों के चुनाव होने वाले थे। अगर पश्चिम बंगाल का चुनाव अलग हो रहा होता तो सरकार इसे लागू कर सकती थी।लेकिन सरकार और भाजपा दोनों को अंदाजा था कि असम के चुनाव में इसका नुकसान हो सकता है। असम में इस कानून के खिलाफ ही लुरिनजोत गोगोई और अन्य लोगों ने मिल कर असम जातीय परिषद का गठन किया था और इसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। अस्सी के दशक में हुए असम समझौते को लेकर बेहद संवेदनशील कई जातीय समूहों ने इसका विरोध किया। उनकी चिंता है कि इस कानून के जरिए बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को भारत की नागरिकता मिल जाएगी और उसका असर असम की संस्कृति और भाषा दोनों पर होगा। उनको यह भी डर है कि असमी लोग अपने ही राज्य में अल्पसंख्यक हो जाएंगे और बांग्लाभाषियों की बहुलता हो जाएगी। उनकी यह आशंका सही है या नहीं यह बाद की बात है लेकिन इसका राजनीतिक नुकसान संभव था।तभी भाजपा की सरकार ने 2021 में जोखिम नहीं लिया था। लेकिन अब यह जोखिम लिया जा रहा है तो उसका कारण यह है कि भाजपा को इस बार असम में नुकसान से ज्यादा पश्चिम बंगाल में फायदा दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए मतुआ समुदाय के हिंदू प्रवासियों की आबादी करीब दो करोड़ है और राज्य की 10 लोकसभा सीटों पर बहुत स्पष्ट प्रभाव है। पिछले विधानसभा चुनाव में इनके असर वाले इलाकों में भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं, जहां उससे पहले भाजपा को सिर्फ तीन सीट मिली थी।इस बार मतुआ आबादी वाले इलाके में भाजपा को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। असम में इसका विरोध होगा लेकिन वहां भी करीब 20 लाख ऐसे हिंदू प्रवासी हैं, जिनको इस कानून का लाभ मिलेगा। ध्यान रहे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी में भी असम में 19 लाख लोगों के नाम नहीं शामिल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर हिंदू हैं। उनको इस कानून के जरिए नागरिकता मिलेगी। सो, भाजपा को उम्मीद है कि असम में भी नफा-नुकसान का संतुलन बन जाएगा।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सरगुजा के बहुचर्चित शासकीय भूमि गबन का मामला...

# कलेक्टर न्यायालय पहुंचे फर्जीवाड़ा करने वालों के वकील

- आठ लोगों को जमीन फर्जीवाड़ा मामले में कलेक्टर सरगुजा ने किया था तलब,सभी के वकीलों ने पहुंचकर लगाया आवेदन
- पूरे मामले का मास्टरमाइंड गणेश दत्त मिश्रा अभी भी जांच के दायरे से बाहरःसूत्र
- मामले में आर्थिक अपराध से संबंधित तथ्यों की जांच में आएंगे कई चपेट में...
- मुख्य व्यक्ति जिसके नाम से पूरा खेल खेला गया वह बंशू लोहार भी नहीं पहुंचा कलेक्टर न्यायालय
- बंशु लोहार के वकील ने न्यायालय में दिया आवेदन, बंशु लोहार अस्पताल में करा रहा है इलाज आवेदन में बताया गया...
- बंशु लोहार यदि न्यायालय में होता उपस्थित तो मामले में खुल जाता पूरा पोल,इसलिए उसे मरीज बताकर न्यायालय आने से रोका गयाःसूत्र
- मामला राजमोहनी देवी भवन के समीप की कई एकड़ शासकीय भूमि को निजी भूमि में तब्दील कर बेचे जाने का...







- भूपेन्द्र सिंह -
अंबिकापुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

बहुत चर्चित राजमोहिनी भवन शासकीय जमीन जो निजी हाथों में चला गया था, जिसे लेकर सरगुजा कलेक्टर ने प्रदेश में शुरू हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग न्यायालय के प्रथम दिन ही इस मामले को अपने न्यायालय में रखा और बंशु लोहार सहित आठ अन्य को 14 मार्च 2024 को अपने न्यायालय बुलाया था, जिसमें जवाब के साथ दस्तावेज प्रस्तुत करना था यह न्यायालय 14 मार्च 2024 को पूरी तरीके से ऑनलाइन था और कोई भी इस न्यायालय कार्यवाही को देख सकता था,सभी की निगाहें कलेक्टर कार्यालय के न्यायालय में थी जहां पर राजमोहिनी भवन के शासकीय भूमि के निजी होने का मामला चल रहा था, जितने भी अनावेदकों को बुलाया गया था वह ना पहुंच कर अपने अधिवक्ताओं को उपस्थित किया,जहां पर मुख्य अभियुक्त बंशु का पहुंचना काफी जरूरी था पर वंशु के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि वंशु की तबीयत काफी खराब है और वह रायपुर के अस्पताल में भर्ती है जिस वजह से वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकता है, ऐसा क्या इसलिए किया गया की कही बंशु उपस्थित होकर सब कुछ बता दिया तो भू-माफिया की पोल खुल जाएगी? क्या बंशु का न्यायालय न पहुंचना भू-माफिया की ही चाल थी? ऐसा इसलिए संदेह उत्पन्न हो रहा है क्योंकि भू-माफिया का पिता वंशु लोहार के नाती को लेकर पूरे दिन भर न्यायालय के इर्द-गिर्द घूमते दिखे। क्या न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया गया जिस वजह से न्यायालय ने अगली तिथि पर निर्णय को टालते हुए फिर से अनेवादकों को बुलाया। अब देखना यह है कि अगली तिथि में भू-माफिया अब कौन सी चाल चलकर कलेक्टर न्यायालय से बचने का प्रयास करेंगे?

## शासकीय जमीन निजी हाथों में देने के मामले में राजस्व कर्मचारी व अधिकारी पर अपराध दर्ज

अंबिकापुर शहर की बेश कीमती राजमोहिनी भवन के पीछे की शासकीय जमीन को अधिकारी कर्मचारियों के मिलीभगत से निजी हाथों में दे दिया गया था, इतने बड़े फर्जी वाले मामले में दैनिक घटती-घटना के खबर प्रकाशन के बाद मामला उजागर हुआ और अधिकारी सहित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, अभी तक कई जमीन फर्जीवडा मामला आया होगा पर अभी तक कर्मचारी व अधिकारी बच निकलते थे, पहली बार निष्पक्ष तरीके से कार्यवाही की गई जिसमें अधिकारी व कर्मचारियों पर भी अपराध दर्ज किया गया, ऐसा इसलिए संभव हो पाया क्योंकि स्वच्छ छभी वाले सरगुजा कलेक्टर ने इतनी बड़ी कार्यवाही करने की हिम्मत दिखाई और अपना स्वच्छ छभी लोगों के सामने रखा, सरगुजा कलेक्टर की यह कार्रवाई ने आने वाले समय के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को बहुत बड़ी सीख दे दी है यदि ऐसे फर्जी वाले होंगे तो कार्यवाही भी ऐसी ही होगी।



संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती घटना सरगुजा-समाचार अम्बिकापुर, मंगलवार 12 मार्च 2024 3

दैनिक घटती-घटना खबर के बाद राजमोहिनी शासकीय भूमि क्षति मामले में

सरगुजा कलेक्टर ने अनावेदक बंसू सहित 8 अनावेदकों को किया तलब

क्या अनावेदक सही दस्तावेज के साथ अपना पक्ष रख पाएंगे...या मामले को खींचने का यह है नया तरीका?

## घटती घटना ने प्रमुखता से उठाया मुद्दा

बता दें जनहित के इस मुद्दे को आवेदक कमल सिंह के जानकारी के आधार पर घटती-घटना ने कई बार खबर को प्रमुखता से उठाया है। शहर के राजमोहिनी देवी भवन के पीछे करोड़ो की शासकीय जमीन फर्जीवाड़े में प्रशासन ने आज सोमवार से कार्रवाई शुरू कर दी है। नियमविरुद्ध तरीके से नामांतरण और बिक्री के इस मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू होने से लोगों में अब न्याय की आस जगी गई है। शहर में भूमाफियाओं के विरुद्ध की जा रही यह कार्यवाही अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है।

### बंसू के अधिवक्ता ने कहा कि बंसू की है तबीयत खराब अस्पताल में है भर्ती

सूत्रों की माने तो बंशु लोहार के अधिवक्ता ने बंशु लोहार के बारे में न्यायालय को अवगत कराया की वह बीमार है और अस्पताल में भर्ती है और इलाज करा रहा है। राजधानी के अस्पताल में इलाज कराने की बात अधिवक्ता ने न्यायालय को बताई। बताया जा रहा है की बंशू लोहार को न्यायालय लाने से पूरे मामले में सच्चाई तत्काल सामने आने का भय भूमाफियाओं को है इसलिए उसे उपस्थित होने नहीं दिया जा रहा है उसका बीमारी का बहाना वाला आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। वैसे आज नही कल बंशू लोहार को उपस्थित होना पड़ेगा न्यायालय और तब सच्चाई सामने आनी तय है।

### बंसू के नाती को लेकर घूम रहे थे भू- माफिया

बंशु लोहार के साथ भूमाफियाओं को न्यायालय के देखा गया जैसा बताया जा रहा है। मुख्य भूमाफिया के पिता उसके नाती को लेकर पूरे समय तक न्यायालय में उपस्थित रहे। भूमाफियाओं के साथ उसके नाती को देखने के बाद यह तय हो गया की मामले में फर्जीवाड़ा निश्चित हुआ है और बन्शु लोहार के नाती को साथ रखकर भूमाफिया यह सुनिश्चित रखना चाहते हैं की वह जैसा चाहेंगे वैसा ही होगा आगे। बन्शु लोहार चाहकर भी सच्चाई का बयान न कर सके इसलिए भी उसके नाती को साथ लेकर भूमाफिया घूम रहे हैं यह सूत्रों का कहना है।

### कई और नाम शामिल होंगे एफआईआर में...

राजमोहिनी भवन शासकीय भूमि के फर्जीवाडें मामले में अभी तक चार नाम के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध हुआ बाकी अभी अन्य में है सूत्रों का कहना है कि अभी कई ऐसे नाम आएंगे जिनका नाम भी इस अपराध में जुड़ेगा और उन पर भी इन धाराओं के तहत बड़ी कार्यवाही होगी, बहुत जल्द वह नाम भी इसमें शामिल होंगे जिसका खुलासा किया जाएगा।

### बंसू नही उसका नाती पहुंचा कलेक्टर के न्यायालय

बंशु की जगह उसका नाती कलेक्टर न्यायालय पहुंचा,कलेक्टर न्यायालय में उसके नाती को लोगों ने कलेक्टर न्यायालय में देखा।14 मार्च को मामले की पहली तारीख थी माना जा रहा था की आठ लोग जिन्हे मामले में दोषी पाया गया है सभी उपस्थित होंगे मुख्य बन्शू लोहार भी उपस्थित होगा लेकिन उसकी जगह उसका आवेदन पहुंचा साथ ही उसके नाती की उपस्थिति न्यायालय परिसर में चर्चा का विषय रही।

### लोगों की अपेक्षा है सरगुजा कलेक्टर से बड़ी कार्यवाही करें नजीर पेश करें कलेक्टर

कलेक्टर सरगुजा विलास भोस्कर संदीपान मामले में बड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर सरगुजा काफी कड़क मिजाज साथ ही नियम कायदों के पक्के माने जाते हैं वहीं हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी सभी कलेक्टरों को साफ निर्देशित कर दिया है की वह सुशासन कायम करें जिले में भ्रष्टाचार समाप्त करें । ऐसे में कलेक्टर सरगुजा से जिले के लोगों की अपेक्षा है की वह मामले में कड़ी कार्यवाही करें और पूरी खरीद बिक्री निरस्त करें साथ ही कब्जा खाली करवाकर दोषियों को जेल भेजें। कलेक्टर से जिले के लोगों की अपेक्षा अब उन्हे पूरी करनी है और देखना है की वह उन्हे पूरी करते हैं की नहीं।

### कलेक्टर न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की पहली कार्यवाही थी इस मामले को लेकर लोग ऑनलाइन पूरी कार्यवाही देख रहे थे...

जिले के इतिहास में कोई कार्यवाही कलेक्टर न्यायालय की पहली बार ऑनलाइन थी,पहली बार लोग ऑनलाइन कार्यवाही देख सकते थे। वैसे कार्यवाही में ज्यादा कुछ पहले दिन हुआ नहीं फिर भी लोगों की उत्सुकता मामले में देखने को मिली जिसमे लोग ऑनलाइन कार्यवाही देखने दिनभर जुड़े रहे लिंक से।

### क्या शासकीय जमीन फिर से शासकीय होगी ?

अब पूरे मामले में वहीं कलेक्टर सरगुजा की सक्रियता साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार को लेकर साफ-साफ निर्देश जिसमे कड़ाई से कार्यवाही का निर्देश है के बाद यह देखना है की क्या अब पुनः वह जमीन शासकीय हो पाएगी। अक्सर देखा गया है की जमीन मामलों में राजनीतिक दखलंदाजी हो जाती और फिर मामला बड़ा हो या छोटा निपटा दिया जाता है लेकिन इस मामले में क्या कार्यवाही होती है शासकीय जमीन फिर से शासकीय होगी या राजनीति फिर मामले में देखने को मिलेगी यह देखने वाली बात होगी।

### नजूल अधिकारी निलम टोप्पो एवं आरआई नारायण सिंह के अगिम्र जमानत का लगा अर्जी

बहुचर्चित जमीन फर्जीवाड़ा मामले के दो आरोपी पूर्व नजूल अधिकारी निलम टोप्पों एवं आरआई नारायण सिंह के अग्रिम जमानत हेतु अम्बिकापुर सेशन न्यायालय में याचिका लगाया है। जबकि मामले में चारों आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं।

# अब से हर गुरुवार को यूट्यूब पर न्यायालय की कार्यवाही का होगा ऑनलाइन प्रसारण

### सुप्रीम और हाई कोर्ट की तर्ज पर कलेक्टर कोर्ट के लाइव प्रसारण की शुरुआत...

## न्यायलयीन कार्यवाही में पारदर्शिता लाने कलेक्टर की अभिनव पहल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपान ने न्यायलयीन कार्यवाही में पारदर्शिता लाने सुप्रीम और हाई कोर्ट की तर्ज पर एक अभिनव पहल की है। जिसके तहत अब से हर गुरुवार को 3 बजे से कलेक्टर न्यायालय की कार्यवाही का ऑनलाइन प्रसारण जिले के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। सरगुजा जिला प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां कलेक्टर कोर्ट की कार्यवाही के ऑनलाइन प्रसारण की शुरुआत की गई है। कलेक्टर ने बताया कि कई बार आवश्यक कारणों से कोर्ट ना आने पर आवेदक अपने केस पर हुई कार्यवाही को देखने से वंचित रह जाते हैं। इस सुविधा से आवेदक घर बैठे भी अपने केस पर कार्यवाही एवं निर्णय देख सकते हैं। साथ ही सामान्य जन भी न्यायालय की कार्यवाही से रूबरू हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन सुविधा से आवेदक अथवा उनके परिजन वकीलों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों और न्यायालय में हुए फैसले से तुरंत अवगत हो सकेंगे।

### त्वरित रख सकेंगे अपना पक्ष

कलेक्टर ने कहा कि कई बार आवेदक के बाहर रहने पर, उनके स्थान पर अन्य प्रार्थी उपस्थित होते हैं। इस बात की तस्दीक करने के लिए कि उक्त व्यक्ति आवेदक की पहचान का ही है, यह सुविधा काम आयेगी। साथ ही न्यायलयीन कार्यवाही को देखकर अपना जरूरी पक्ष रखने में भी लोगों को सहूलियत होगी।

कलेक्टर भोस्कर संदीपान ने इस नई व्यवस्था के गांव-गांव में मुनादी कराने के भी निर्देश दिए हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे और ऑनलाइन प्रसारण सुविधा का लोग लाभ उठा सकें।

### भूमि संबंधित मामलों पर लिया जा रहा विशेष संज्ञान

कलेक्टर ने कहा कि न्यायालय में ज्यादातर दर्ज मामले भूमि से संबंधित हैं, जो काफी संवेदनशील मामला है। जिला प्रशासन द्वारा इन प्रकरणों पर विशेष संज्ञान लिया जा रहा है जिससे शासकीय भूमि क्षति के साथ ही आदिवासी जन एवं आम जन के भी भूमि से जुड़े प्रकरणों को समय पर निराकृत किया जाए।

## महिलाओं व बालिकाओं को कराया गया कानूनी प्रावधानों से अवगत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



'विश्वास अभियान' के तहत महिलाओं को विधिक अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत सरगुजा पुलिस द्वारा कराया गया। गुरुवार को सरगुजा पुलिस स्वाधार गृह एवं बालिका गृह में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से रूबरू होकर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान पुलिस ने उनके अपराधों एवं बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं एवं बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी महिला सुरक्षा सम्बन्धी ऐप अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप उपयोग करने की समझाइश दी गई। साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एमएसएसवीपी संचालिका डॉ. मीरा शुक्ला व अन्य महिला स्टाफ उपस्थित रहे।

## 6 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को साढे 6 किलो गांजा के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पिट्ठू बैग में गांजा रखकर बेचने के लिए प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास ग्राहक की तलाश कर रही थी। जब्त गांजे की कीमत 1.30 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार ने बताया कि गुरुवार की सुबह मुखबिर से जानकारी मिली की प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास एक महिला गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचकर महिला को हिरासत में लिया गया। महिला पिट्ठू बैग में भूरे रंगे के प्लास्टिक टेप में लपेट कर 7 पैकेट गांजा रखी थी। जिसका वजन 6 किलो 500 ग्राम था। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 1.30 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी महिला तनुजा ठाकुर उम्र 50 वर्ष निवासी हरिपुर चौक खडगवां थाना प्रतापपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में आरक्षक दीनदयाल सिंह, महिला आरक्षक सरस्वति सिंह, शांति लकड़ा शामिल रहे।



## बाइक चलाते समय हेलमेट लगाने बैंक के अधिकारी,कर्मचारियों को दिया गया निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक में पदस्थ बैंक अधिकारी-कर्मचारियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही बैंक में वित्तीय लेन-देन के कार्यों से आए लोगों को भी सडक़ सुरक्षा के प्रति अपने समुचित कर्तव्यों से अवगत कराया गया। इस दौरान बैंक कर्मचारियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के पश्चात ही वाहन चलाने की समझाइश दी गई। वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज की प्रति आवागमन के दौरान साथ रखेने, नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन का उपयोग ना करने देने तथा बैंक में आए ग्राहकों को अपने दुपहिया वाहन एवं चारपाहिया वाहन को निर्धारित पार्किंग में व्यवस्थित तरिके से खड़ी करने हेतु समझाइश दी गई। सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर वाहन दुर्घटनाओं से हो रहे जनहानी को कम करने के लिए सडक़ सुरक्षा अभियान चलाये जाने की जानकारी दी गई।

# अब डेनमार्क की सेना में महिलाएं भी होंगी शामिल, यूरोप में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच बड़ा कदम



कोपेनहैगन, 14 मार्च 2024। यूरोपीय देश डेनमार्क अपनी सेना में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में अपने कदम बढ़ा रहा है। डेनिश प्रधानमंत्री मैट फ्रेडरिकसेन ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यूरोप में बदलती स्थितियों को देखते हुए हम सेना में भर्ती का विस्तार करने जा रहे हैं। इसके लिए दो बड़े कदम उठाए जाएंगे। पहला कदम यह होगा कि अब पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी सेना में शामिल किया जाएगा। दूसरा महिला और पुरुष दोनों के सेवा काल को चार महीने से बढ़ाकर 11 महीने की जाएगी।

मैट फ्रेडरिकसेन ने कहा कि इसके पीछे उनका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आने वाले युवाओं का अनुपात बढ़ाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक प्रेस कांफ्रेस में उन्होंने कहा कि वर्तमान में जब दुनिया के कई देश युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह निर्णय लेना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी दुनिया में जहां अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौती दी जा रही है हम खुद को इसलिए हथियारों से लैस नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम युद्ध चाहते हैं बल्कि हम इसलिए ऐसा कर रहे हैं क्योंकि हम युद्ध से बचना चाहते हैं।

**पुतिन की घोषणा के बाद बढ़ी चिंताएं**

इस बीच, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने बुधवार को फिनलैंड की सीमा पर सेना भेजने का फरमान जारी किया है। जिसके बाद फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने चेतावनी दी कि मॉस्को पश्चिम के साथ लंबे संघर्ष की तैयारी कर रहा है। जिसके बाद डेनमार्क के रक्षामंत्री ट्रॉल्स लुंड पॉल्सेन ने कहा है कि यूरोप में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। ऐसे में जब हम भविष्य की रक्षा को देखते हैं तो हमें इसे ध्यान में रखना होगा।

**रक्षा व्यय को बढ़ाने का है इरादा**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगले पांच सालों में डेनमार्क अपने रक्षा बजट को 5.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना चाहता है। बता दें कि नाटो के संस्थापक सदस्यों में से एक डेनमार्क ने 1990 के दशक की शुरुआत में शीत युद्ध समाप्त होने के बाद अपनी सैन्य शक्ति कम कर दी थी, लेकिन यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। जिसके बाद डेनमार्क इस तरह के कदम उठा रहा है।

### वर्तमान में डेनमार्क के पास हैं इतने सैनिक

गौरतलब है कि डेनमार्क में 18 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे लोगों को सेना में बुलाया जाता है जो पूरी तरह से शारीरिक रूप से फिट हों। वर्तमान में डेनमार्क के पास 9000 सैनिक हैं। इसके अलावा 4700 जवान अभी शुरुआती प्रशिक्षण ले रहे हैं। ऐसे में सरकार 300 सिपाही और भर्ती करना चाहती है, जिससे 5000 सिपाहियों के आंकड़े को पूरा किया जा सके। बता दें कि डेनमार्क नाटो देशों में शामिल है और यूक्रेन का पक्षधर है।

# संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए उपचुनाव का ऐलान,21 अप्रैल को मतदान

इस्लामाबाद,14 मार्च 2024। पाकिस्तान की संसद में खाली सीटों के लिए मतदान 21 अप्रैल को कराए जाएंगे। संसद की खाली सीटों के साथ प्रांतीय विधान सभाओं की खाली सीटों के लिए भी मतदान कराए जाने हैं। देश की संसद में कुल छह सांसदों के पद खाली हैं, जबकि प्रांतीय विधानसभाओं में 17 सीटें खाली हैं। सीटें इसलिए खाली हैं क्योंकि आठ फरवरी को मतदान के बाद कई उम्मीदवारों ने एक सीट खाली कर दी। इन उम्मीदवारों ने दो सीटों से चुनाव लड़ा और एक निर्वाचन क्षेत्र से जीतने के बाद दूसरी सीट छोड़ दी। देश के कानून के मुताबिक एक प्रत्याशी अपनी इच्छा के मुताबिक एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ सकता है, लेकिन अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद उसकी सदस्यता केवल एक सीट से ही बरकरार रह सकती है।

**पाकिस्तान की किन सीटों पर कराए जाएंगे उपचुनाव**




उपचुनाव के बारे में पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बयान जारी किया। उपचुनाव के साथ ही 2024 के आम चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। नेशनल असेंबली की छह खाली सीटों के अलावा प्रांतीय विधानसभाओं में सबसे अधिक सीट पंजाब असेंबली की है। यहां 12 सीटें खाली हैं। खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान विधानसभाओं में दो-दो सीटें खाली हैं। सिंध असेंबली में एक सीट पर चुनाव कराए जाने हैं। नेशनल असेंबली यानी संसद की एक और प्रांतीय असेंबली की तीन सीटों पर उम्मीदवारों के निधन के कारण चुनाव स्थगित हुए। इन पर भी चुनाव 21 अप्रैल को ही कराए जाएंगे।आयोग के मुताबिक नामांकन पत्र 16-18 मार्च तक जमा किए जा सकते हैं। 21 मार्च को उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच होगी। किसी उम्मीदवार के नामांकन के खिलाफ अपील 25 मार्च तक आयोग के पास जमा की जा सकती है। अपील का निपटारा 28 मार्च तक किया जाएगा। 29 मार्च नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख है।

# भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रही अमेरिका की धरती, एफबीआई से मिले भारतीय मूल के लोग




वॉशिंगटन, 14 मार्च 2024। अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने एफबीआई और न्याय विभाग और पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात की है। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की।

**हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले**

भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए।

# शासकीय कार्यों के निर्वहन और आम जन की समस्याओं के निराकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं - कलेक्टर

**» मुख्यमंत्री साय की प्रशासनिक कसावट की मंशा कलेक्टर ने अधिकारियों के समक्ष रखी**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में गत दिवस हुई कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के परिपालन हेतु कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने गुरुवार को समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री साय की प्रशासनिक कसावट पर मंशा से अवगत कराया।



मुख्यमंत्री श्री साय के दिए निर्देशों का उल्लेख करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसेवक हैं। अपना काम अनुशासन और ईमानदारी से करें। अपने कार्य व्यवहार में संवेदनशीलता रखें। शासकीय कार्यों और योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने में किसी तरह की कोताही ना बरतें। आम जन से बेहतर संपर्क रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों तक पहुंच पर फीडबैक लेते रहें जिससे प्रशासन को आइना दिखता रहे और जनहित के अनुरूप काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी समय पर अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें जिससे किसानों, महिलाओं, अन्य आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण में किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर राशि अवश्य मिल जाए। इसके लिए बैंकों को प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह योजना हर व्यक्ति को पेयजल की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही है। इसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो, विभाग यह सुनिश्चित करे।

कलेक्टर ने बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन को पूर्व की भांति शांतिपूर्ण संपन्न कराने अधिकारियों को निर्देश दिए। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के हित में नौ विभागों की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और लोगों को लाभ दिलाने कहा। इसके साथ ही राज्य शासन की अभिनव पहल न्योता भोज को बढ़ावा देने अधिकारियों से अपील की जिससे बच्चों को अच्छा आहार मिलता रहे। उन्होंने राजस्व विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्या का निराकरण करना हमारा कर्तव्य है। अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाएं और संवेदनशीलता के साथ आमजनों के आवेदनों का निराकरण करें। कार्यों में लापरवाही और कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री एएल ध्रुव सहित समस्त एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोल कर्मियों को लेकर जा रही बस व ट्रक में भिडंत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



कोल कर्मियों को लेकर अमेरा खदान जा रही बस अंबिकापुर सांडबार बेरियर के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में बस में सवार दो कोलकर्मियो को गंभीर चोटे आई है जबकि पांच लोगों को सामान्य चोट आई है। सभी घायलों को केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में उपचार हेतु भर्ती करा दिया गया है। गंभीर रूप से घायल सीनियर ओवर मैन अरुण पांडेय व जनरल मजदूर तौफीक रजा को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 1915 रोजाना की तरह गुरुवार को प्रथम पाली के कोल कर्मचारियों को बिश्रामपुर से लेकर अमेरा खदान जा रही थी। तभी अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर मणिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सांडबार बैरियर के पास भिलाई से सब्जी लोडकर अंबिकापुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक यूपी 53 एचटी 7302 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कोलकर्मियों की बस को विपरीत दिशा से टक्कर मार दिया। घटना में बस व ट्रक चालक को भी चोटे आई है। बस में करीब 17 लोग सवार थे।गंभीर रूप से घायल दो कोलकर्मी अरुण पांडेय व तौफीक रजा का निजी अस्पताल अंबिकापुर में उपचार चल रहा है जबकि हल्की चोट वाले कोलकर्मियो को केंद्रीय अस्पताल बिश्रामपुर में प्राथमिक उपचार पश्चात छूट्टी दे दी गई है।

# गेहूं खेत में अवैध मादक पदार्थ गांजा की खेती 21 नग पौधों के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
लखनपुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोसगी में ग्रामीण ने गेहूं के खेत में अवैध मादक पदार्थ गांजे की खेती की ग्रामीणों की सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और 21 नग गांजे के पौधे को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रीमांड पर भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक तारिणी कुमार प्रजापति पीता राम सेवक प्रजापति उम्र 33 वर्ष ग्राम बंधा थाना लखनपुर निवासी ग्राम लोसगी के चूल्हाट नाला किनारे खसरा नंबर 340 में गेहूं की फसल लगाया था । फसल के बीच अवैध मादक पदार्थ गांजे की पौधा होने की सुचना ग्रामीणों द्वारा बुधवार की शाम को दी गई। लखनपुर थाना प्रभारी मनोज प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और 21 नग अवैध मादक पदार्थ गांजा पौधा बरामद करते हुए। आरोपी तारिणी कुमार प्रजापति को धारा 20 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता प्रधान आरक्षक नरेंद्र जांगड़े सहित आरक्षक सक्रिय रहे।




# युवती से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



युवती से बलात्कार के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

13 मार्च को पीड़िता ने कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने गृहग्राम से आकर विगत चार वर्षों से अम्बिकापुर किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करती हैं, पास मे ही त्रिकुण्डा जिला बलरामपुर निवासी उपेन्द्र गुप्ता रहता हैं, उपेंद्र गुप्ता से पूर्व से जान-पहचान होने के कारण प्रार्थिया के किराये के रूम में आना जाना किया करता था, घटना दिनांक 20/03/23 के शाम को जब प्रार्थिया रूम में अकेली थी, उस दौरान उपेन्द्र गुप्ता मौके का फायदा उठाकर प्रार्थिया कों जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन अनाचार किया गया है, और उपेंद्र गुप्ता द्वारा डरा-धमकाकर लगातार प्रार्थिया के साथ जबरन अनाचार किया गया हैं, प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 376 (2)(एन) 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# एसडीओ ने ठेकेदार से मांगा 2 प्रतिशत कमीशन

## ठेकेदार व एसडीओ के बातचीत का ऑडियो जमकर हो रहा है वायरल



- संवाददाता -
लखनपुर,14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के ग्राम कुसु व चांदो में आदिवासी समग्र विकास के तहत चबूतरा निर्माण का काम पूरा होने के बाद सत्यापन के एवज में जनपद एसडीओ द्वारा ठेकेदार से 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही थी। इसका ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। विदीत हो कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम कुसु व चांदो में ठेकेदार मुकेश यादव के द्वारा दो चबुतरे का निर्माण कराया गया है। जब ठेकेदार ने पेमेंट कराने के लिए फोन किया तो उससे राशि की मांग की गई। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि घटती-घटना नहीं करता है। ज्ञात हो कि सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुसु व चांदो में ठेकेदार द्वारा आदिवासी समग्र विकास के तहत 2 चबुतरे का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की थी। निर्माण कार्य ठेकेदार मुकेश द्वारा कराया गया है। दोनों चबूतरे का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

ठेकेदार ने निर्माण कार्य का सत्यापन और पेमेंट के लिए जनपद कार्यालय लखनपुर में पदस्थ एसडीओ दिलीप मिंज को फोन लगाया। ठेकेदार ने कहा कि सर ढलाई का काम पूरा हो चुका है। इस पर एसडीओ ने कहा कि कहां मिलोगे। आज ही माप कर लेते हैं, निर्माण कार्य कितने का है। जब ठेकेदार ने कहा कि डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का है तो एसीडीओ ने 2 प्रतिशत कमीशन की व्यवस्था करने की बात कही। ठेकेदार व एसडीओ के बीच हुई बातचीत का ऑडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**अभी आधा कमीशन तो देना ही पड़ेगा**

वायरल ऑडियो के अनुसार बातचीत के क्रम में एसडीओ ने ठेकेदार से 2 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। जब ठेकेदार ने कहा कि सर पेमेंट आने के बाद ही कर पाऊंगा। इस पर एसडीओ ने कहा कि ऐसा नहीं होगा। कम से कम आधा कमीशन तो देना ही पड़ेगा।

**ठेकेदार व एसडीओ के बीच बात-चीत का मुख्य अंश...**

**ठेकेदार**-हां सर प्रणाम, बोल रहा था कि ढलाई कंपलीट हो गया है।
**एसडीओ**- वहीं सोच रहा था कि फोन क्यों नहीं कर रहे।
**ठेकेदार**- जी, कल लगाया होता सर, थोड़ा सा फंस गया था, इसलिए नहीं लगा पाया।
**एसडीओ**- कहां मिलोगे, आज माप लेता हूं।
**ठेकेदार**- सर ठीक है न माप लीजिए, 11 तारीख को मेरे यहां शादी है, सर पेमेंट आ जाता तो काम हो जाता।
**एसडीओ**- कितने का है।
**ठेकेदार**- डेढ़-डेढ लाख का है।
**एसडीओ**- तैयार रखना जितना होता है 2 प्रतिशत
**ठेकेदार**- सर, पैसा आने के बाद कर देता।
**एसडीओ** - नहीं कम से कम आधा तो लूंगा।
**ठेकेदार**- ठीक है न सर आइये, कर दूंगा।

# कार सवार मजदूरों के साथ फर्जी टीआई बनकर मारपीट

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

फर्जी टीआई बनकर दो बदमाशों ने मजदूरों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मजदूरों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम कलंगी का रहने वाला 33 वर्षीय संजीवन कुम्हरिया पिता फुलसाय कुम्हरिया वर्तमान में गांधीनगर में किराये के रूम में रहकर एक दुकान में मजदूरी का काम करता है। मंगलवार की रात को संजीवन अपने साथी सतन सिंह के साथ कार क्रमांक सीजी 15 बी 0656 से काम खत्म कर अपने किराए के घर की ओर जा रहा था। उसी समय कलाकेन्द्र मैदान के सामने रोड में 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके कार के आगे अपना बाइक अड़ाकर रोक दिए। इस पर दोनों व्यक्ति जबरन गाडी में बैठ गये और कोतवाली थाना चलने की बात कहते हुए खुद को कोतवाली का टीआई बताते हुए कार सवार दोनों युवकों से गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। आसपास लोगों की भीड़ जुटने पर दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। जिसके बाद मजदूरों ने दूसरे दिन कोतवाली पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# अंबिकापुर में बनेगा तेरापंथ जैन भवन, जैन संस्कार विधि से किया गया शिलान्यास

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर के वार्ड क्रमांक 45 डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वार्ड में तेरापंथ समाज द्वारा तेरापंथ भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को जैन संस्कार विधि द्वारा भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। इसमें लगभग सभी तेरापंथ समाज के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही इस विधि द्वारा सभी व्यक्तियों को यह ज्ञात हुआ कि हिंसा का अल्पिकरण करके किस प्रकार सभी मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। पूजा के लिए रायपुर से संस्कारक अर्पित गोखरू ने जैन संस्कार विधि से पूजा संपन्न करवाई तथा तेरापंथ समाज की सभा अध्यक्ष मनोज डागा ने संस्करक और सभी सदस्यों का अभिवादन किया। समाज के सभी सदस्यों का उत्साह इस बात से पता चलता हे कि सभी उपस्थित सदस्यों ने जब तक भवन निर्माण नहीं होता तब तक किसी भी एक चीज का त्याग करने का संकल्प लिया है।

CMYK

# क्या उच्च अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बचाने के लिए 8 साल का लंबा इंतजार किया और बिना कर्मचारियों के नाम के ही न्यायालय में चालान पेश किया?

**8 साल के लंबे इंतजार के बाद पुलिसकर्मियों के विरुद्ध बिना नामजद एफआईआर मामले में बिना पुलिसकर्मियों के नाम के ही चालान क्यों हुआ पेश?**

**माननीय उच्च न्यायालय के आदेश में पुलिसकर्मियों का था नाम फिर एफआईआर में नाम क्यों नहीं हुआ दर्ज?**

**पीड़िता को परेशान करने वाले भी पुलिसकर्मी और परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों की जांच का जिम्मा संभालने वाली भी पुलिस...क्या इसी वजह से पीड़ित को मिलने वाले न्याय के बीच जांच अधिकारी बने बाधा?**

**न्याय की लड़ाई लड़ने वाली भी दुनिया छोड़ गई न्याय की उम्मीद में लेकिन दुनिया छोड़ने के बाद क्या न्याय उसको मिलना नहीं था क्या था ऐसा जायज?**

**न्यायालय आदेश के बाद तकालीन थाना प्रभारी व प्रधान आरक्षक के विरुद्ध मामला हुआ था पंजीबद्ध लेकिन नाम को छिपाकर हुआ था मामला दर्ज**



1

NAFR

HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR

Writ Appeal No. 228 of 2016


1. Shyam Lal Navik S/o Late Harairam, Aged About 64 Years R/o Ward No. 16, Junapara, Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
2. Gopal Navik S/o Late Hariram, Aged About 62 Years R/o Ward No. 16, Junapara, Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
3. Jagatlal Navik S/o Late Hariram, Aged About 58 Years R/o Ward No. 16, Junapara, Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)

---- Appellants

1. State Of Chhattisgarh Through: The Secretary, Home Department, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, New Raipur, District Raipur (Chhattisgarh)
2. Inspector General Of Police, Surguja Range, Ambikapur, District Surguja (Chhattisgarh)
3. Superintendent Of Police, Koria, Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
4. Vinit Dubey (Sub Inspector), Officer Incharge, Police Station Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
5. Anjana Kerketa, Sub Inspector, Police Station Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
6. Naveen Datt Tiwari, Head Constable, Police Station Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
7. Anil Tripathi, Constable, Police Station Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
8. Mukesh Agrawal, S/o Ram Chandra Agrawal, Aged About 32 Years R/o. Kachhari Para, Baikunthpur, Police Station Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
9. Smt. Sharda Devi Agrawal, W/o Ramchandra Agrawal, Aged About 64 Years R/o. Kachhari Para, Baikunthpur, Police Station Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)
10. Smt. Saroj Bai W/o Babulal, Aged About 60 Years R/o. Harrapara, P.S. And Tahsil Bhaiyathan, District Surajpur (Chhattisgarh)
11. Smt. Seema W/o Amari Sai, Aged About 40 Years R/o. Harrapara, P.S. And Tahsil Bhaiyathan, District Surajpur (Chhattisgarh)
12. Amar Sai S/o Devnandan, Aged About 42 Years R/o. Harrapara, P.S. And Tahsil Bhaiyathan, District Surajpur (Chhattisgarh)
13. The Collector, Koria, Baikunthpur, District Koria (Chhattisgarh)

-----Respondents

माननीय उच्च न्यायालय का ऑनलाइन आदेश



9

offence, FIR should have been recorded and the matter should have been investigated. After investigation, if the Police finds no evidence against the complainant, it can submit a report accordingly before the Magistrate in which event, the Magistrate will have to give notice to the complainant who shall have to be heard in the matter. In case the Police finds that some case is made out, then it will file charge sheet in terms of Section 157 Cr.P.C.

10. Sub-section (3) of Section 154 Cr.P.C also lays down that in case the Officer-In-Charge of the Police Station has not lodged the FIR and the FIR is lodged on the complaint made to the Superintendent of Police or any other higher authority, then the said higher authority shall either investigate the case himself or direct investigation to be made by any police officer subordinate to him which obviously means that it would not be the police officers who had first refused to lodge the complaint. Therefore, we direct the Inspector General of Police, Ambikapur to ensure that the matter is investigated by an Officer other than those In Charge of the PS Baikunthpur.

11. In view of the above discussion, we allow the Writ Appeal, set aside the order of the Learned Single Judge and direct that the FIR be lodged as directed by us earlier. The Inspector General of Police, Ambikapur shall ensure that the investigation is carried out in an impartial and fair manner.

Sd/- (Deepak Gupta) CHIEF JUSTICE

Sd/- (Sanjay Agrawal) JUDGE

माननीय उच्च न्यायालय का ऑनलाइन आदेश



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)

FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 द प्र सं के तहत)

1. District (जिला): कोरिया  P.S. (थाना): बैकुण्ठपुर  Year (वर्ष): 2016
FIR No.(प्र.सू.रि.सं.): 0331
Date and Time of FIR (प्र.सू. की दिनांक और समय): 09/12/2016 20:03 बजे

| S.No. (क्र.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
| --- | --- | --- |
| 1 | भा द वि 1860 | 34 |
| 2 | भा द वि 1860 | 420 |
| 3 | भा द वि 1860 | 447 |
| 4 | भा द वि 1860 | 467 |
| 5 | भा द वि 1860 | 468 |
| 6 | भा द वि 1860 | 471 |
| 7 | भा द वि 1860 | 506(B) |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
Day (दिन): शुक्रवार
Date From (दिनांक से): 30/01/2016  Date To (दिनांक तक): 30/01/2016
Time Period (समय अवधि): पहर 6  Time From (समय से): 18:00 बजे
Time To (समय तक): 18:00 बजे
(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):
Date (दिनांक): 09/12/2016  Time (समय): 20:03 बजे
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): Entry No. (प्रविष्टि सं.): 002
Date & Time (दिनांक और समय): 09/12/2016 20:03 बजे
4. Type of Information (सूचना का प्रकार): Written
5. Place of Occurrence (घटनास्थल):
1. (a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा): 35 मिटर
Beat No. (बीट सं.):
(b) Address (पता): जूनापारा, बैकुण्ठपुर
(c) In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर है तो):
Name of P.S. (थाना का नाम):
District (State) (जिला (राज्य)):
6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता):
(a) Name (नाम): null
(b) Father's Name (पिता का नाम):
(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):
(d) Nationality (राष्ट्रीयता): भारत
(e) UID No. (यूआईडी सं.):
(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

1

ऑनलाइन एफआईआर की कॉपी



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

13. Action Taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(1) Registered the case and took up the investigation:
or (या)
(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):
Rank (पद): No. (सं.):
to take up the investigation
or (या)

4

ऑनलाइन एफआईआर की कॉपी




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

8 साल पहले कोरिया जिले के कुछ पुलिसकर्मियों के ऊपर जबरन बिना किसी आदेश के अतिक्रमण हटाने को लेकर शिकायत हुई थी पर शिकायत पर कार्यवाही नहीं की गई थी, जिसके बाद प्रार्थी ने उच्च न्यायालय से गुहार लगाई थी जिसके बाद उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अपराध पंजीकृत करने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद पुलिस ने उच्च न्यायालय के आदेश के दबाव में एफआईआर तो दर्ज किया पर पुलिसकर्मियों का नाम नहीं लिखा, जबकि आदेश में नामजद एफआईआर दर्ज करना था पर ऐसा हुआ नही। अब जब सरकार बदल गई है तब यह उम्मीद लगाई जा रही है कि ऐसे पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही होगी और उनके ऊपर विभागीय जांच सहित इन्हें पद से पृथक किया जाएगा? यह सवाल बना हुआ था पर जैसे ही सत्ता बदली इस मामले की जांच अधिकारी ने अपने विभाग के पुलिसकर्मियों के बचाव करते हुए बिना पुलिसकर्मियों के बिना नाम के ही चालान को अन्य आरोपियों के नाम से दिसंबर माह में न्यायालय में पेश कर दिया और अपना पल्ला झाड़ लिया, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने भी इस मामले में पुलिसकर्मियों को बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई और जाते-जाते इन पुलिसकर्मियों को राहत की सांस लेने का मौका दे दिया पर वहीं पीड़िता के न्याय लिए किसी ने नहीं सोचा जिसकी झोपड़ी तोड़ने यह पुलिसकर्मी किसी के कहने पर बिना आदेश के पहुंच गए थे और उस गरीब को खूब सताया था वह वृद्ध गरीब महिला न्याय की लड़ई लड़ रही थी और इस बीच उसका निधन भी हो गया पर ऐसा लगा कि उसके निधन के बाद ही शायद उसको न्याय मिल जाए पर ऐसा होता नहीं दिखा, पुलिस वालों ने अपने पुलिसकर्मियों की गलतियों पर पर्दा डालते हुए उनके नाम को एफआईआर से लेकर चालान पेश करने तक दूर रखा और 8 साल के इंतजार के बाद चालान पेश कर अपना एक झमेला दूर कर लिया पर वहीं पीड़िता की न्याय की लड़ाई में रसूखदार पुलिसकर्मियों को उनके जांच अधिकारी ने बचा लिया। जांच अधिकारी ने भी कहीं ना कहीं उच्च न्यायालय के आदेशों को गंभीरता से नहीं लिया और अपने कर्मचारियों को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया। अब चालान पेश हो गया है और बताया जाता है की चालान को देखकर समझा जा सकता है की कैसे पुलिस ने पुलिस को बचाया क्योंकि जांच उनके ही पास थी अन्य कोई होता वह जेल जाता यह भी तय था बस पुलिस ने पुलिस को बचाया यह कहा जा सकता है और न्याय को केवल इसलिए हाशिए पर डाल दिया क्योंकि मामले में पुलिसकर्मी फंसते नजर आ रहे थे।

## क्या एफआईआर दर्ज करने वाले उपनिरीक्षक की भी है गलती...जिन्होंने जानते हुए भी एफआईआर दर्ज नहीं की?

पूरे मामले में क्या उस उप निरीक्षक की भी गलती मानी जायेगी जो सब कुछ जानते हुए भी पुलिसकर्मियों को बचाने में जुटे रहे। जब उच्च न्यायालय का आदेश यह था पीड़िता के आवेदन पर की संबंधित पुलिसकर्मियों जिसमे निरीक्षक सहित प्रधान आरक्षक शामिल थे के नाम से प्राथमिकी दर्ज हो और फिर जांच कर कार्यवाही किया जाए तब कैसे बिना पुलिसकर्मियों के नाम प्राथमिकी दर्ज किए ही न्यायालय में चालान पेश कर दिया गया? उप निरीक्षक ने क्या अधिकारियों के दवाब में ऐसा किया या फिर उन्होंने पुलिसकर्मी होने के नाते पुलिसकर्मियों की मदद की यह बड़ा सवाल है। वैसे माना जा रहा है की पूरे मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का दबाव काफी था। वैसे उप निरीक्षक जिन्होंने प्राथमिकी दर्ज की या जिनके द्वारा विवेचना की गई उन्होंने न्यायालय के आदेश की अवहेलना की यह कहना गलत नहीं होगा।

## क्या जांच अधिकारी को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की नहीं थी जानकारी?

पूरे मामले में जांच अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की ही अवहेलना कर डाली है। जिन पुलिसकर्मियों का नाम प्राथमिकी में शामिल करने उच्च न्यायालय का निर्देश था उनका नाम चालान जब पेश हुआ प्राथमिकी में दर्ज नहीं पाया गया वैसे पूरे मामले में या तो जांच अधिकारी अनभिज्ञ थे उच्च न्यायालय के निर्देशों से या फिर उनके ऊपर काफी दबाव था?

पुलिस पत्रकार पर या अन्य निर्दोषों पर बिना जांच के मामला पंजीबद्ध तो कर लेती है पर जब खुद इनके ऊपर मामला पंजीबद्ध होने की बारी आती है तो घबरा जाते हैं फिर बचाव के लिए पूरे पैतरे अजमाने लगते है एक तो इनकी शिकायत हो भी जाए तो इन्ही के अधिकारी इन्हें बचाने लगते है जब की वह भी जानते है की उनका कर्मचारी गलत व दोषी है पुलिस के खिलाफ कितनी भी शिकायत हो जाए यही वजह है कि जांच तो उसी विभाग के अधिकारी को करना है जिस वजह से उन्हें हर बार बच निकलने में सहूलियत होती है, इनके ऊपर तो कार्यवाही तब होती है जब कोई इनके पीछे पड़ जाए उच्च स्तर पर या फिर न्यायालय की शरण ले तब जाकर उसे जीत हासिल हो पाती है पर जीत के आने के बाद ही फिर उसी विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाकर अपने चप्पल घिसने पड़ते हैं फिर भी राहत नहीं मिलती कुछ ऐसा ही मामला है कुछ सालों पहले का है जहां पर एक व्यक्ति के प्रभाव में पुलिस वाले एक महिला का घर तोड़ने व कब्जा दिलाने के लिए चले जाते हैं उस महिला की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध नहीं होता तब महिला को उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है तब वहां पर उच्च न्यायालय मामले में संज्ञान लेते हुए अपराध पंजीबद्ध करने तो कहता है जिसके बाद 10 दिन के बाद उस मामले में अपराध पंजीबद्ध होता है पर उस पंजीबद्ध एफआईआर में पुलिसकर्मियों का नाम नहीं होता, वर्ष 2016 में एक महिला की शिकायत पर पुलिसकर्मियों ने मामला पंजीबद्ध

## यह है पूरा मामला

नहीं किया तब उसने उच्च न्यायालय की शरण ली थी जिसमें उच्च न्यायालय ने 29 नवम्बर 2016 को अपराध पंजीबद्ध करने का आदेश दिया था, जिसमें नामजद अपराध पंजीबद्ध होना था पर पुलिस वाले ही जब अपराध पंजीबद्ध करते हैं तो अपने ही पुलिस वालों का नाम कैसे लिख सकते हैं बिना नाम के ही उन्होंने 9 दिसंबर 2016 को अपराध पंजीबद्ध किया,जिसमें उन्होंने पुलिसकर्मियों के नाम की जगह अज्ञात लिख दिया पर सवाल यह है कि हाईकोर्ट के आदेश में सभी के नाम दिए गए थे पर इसके बावजूद पुलिस ने नामजद अपराध दर्ज नहीं किया ना आज तक उन पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी हुई और ना ही वह पुलिसकर्मी जमानत ही लिए और ना ही विभागीय जांच ही सही से हो पाई, अब समझा जा सकता है कि पुलिसकर्मी यदि करें तो सब सही बाकी के ऊपर पुलिस टूट पड़ती है जबकि संविधान में साफ है कि पुलिसकर्मी भी यदि दोषी हैं तो उन पर भी अपराध पंजीबद्ध होना चाहिए पर अक्सर खाकी खाकी की मदद ही करता है और बचने का पूरा प्रयास करता है।



क्या 8 साल पूर्व कोतवाली बैकुण्ठपुर में पुलिसकर्मियों के विरुद्ध बिना नाम दर्ज एफआईआर मामले में बिना पुलिसकर्मियों के नाम के ही चालान हुआ पेश?

# शासकीय शिक्षक ने अपने जन्म दिवस पर छात्रों को कराया न्यौता भोज

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

न्यौता भोज,छत्तीसगढ़ के वर्तमान भाजपा सरकार के पहल में विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पौष्टिक भोजन एवं मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त पूरक स्वादिष्ट आहार प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसमें सामाजिक सहभागिता को विद्यालयों से जोड़ने का लक्ष्य एवं शिक्षार्थियों के बीच ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से यह पहल छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई है। जिसमें जन्मदिन, सामाजिक कार्य, शादी विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों पर सक्षम लोगों एवं जनता से अपील की गई है, कि वे विद्यालयों में न्यौता भोज का आयोजन कर विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को विशेष भोजन की व्यवस्था करें। जब से यह पहल प्रारंभ हुई है, छत्तीसगढ़ के हजारों स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन लगातार होते आ रहा है। और छत्तीसगढ़ की जनता इस योजना को हाथों हाथ लेकर बेहद सक्रियता के साथ इसमें हिस्सा ले रही है।

इसी क्रम में कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के माध्यमिक शाला अमहर में पदस्थ शिक्षक छिंदिया निवासी श्री आशीष





जायसवाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक शाला अमहर, माध्यमिक शाला अमहर एवं आंगनबाड़ी केंद्र अमहर के छात्र-छात्राओं के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया। जिसमें बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त अन्य स्वादिष्ट पकवानों यथा खीर, पुड़ी, मिष्ठान, केक, फल इत्यादि परोसकर भोजन कराया गया। न्यौता भोज के इस आयोजन में प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र अमहर में पदस्थ कर्मचारियों के अलावा ग्राम पंचायत अमहर के प्रतिष्ठित एवं सम्मानित लोगों ने भी सहभागिता निभाई। विद्यालय में इस प्रकार का यह पहला आयोजन था, जिसे लेकर अध्यनरत छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह भी देखा गया। गौरतलब है की ग्रामीणों ने भी अपने बीच विद्यालयों में इस प्रकार का आयोजन इसके पूर्व नहीं देखा था। उन्होंने भी शासन के इस पहल की और शिक्षक आशीष जायसवाल द्वारा दिए गए न्यौता भोज की सराहना की। और आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजन की निरंतरता बनाए रखने में अपनी इच्छा और सहमति जताई।

### शिक्षकीय दायित्व के साथ-साथ समाजसेवा और धार्मिक कार्यक्रमों में रहती है शिक्षक की सक्रियता



ज्ञातव्य हो कि माध्यमिक शाला अमहर में पदस्थ शिक्षक आशीष जायसवाल जो विगत 16 वर्षो से शिक्षकीय दायित्व का निर्वहन करते आ रहे हैं, सामाजिक क्रियाकलापों और धार्मिक कार्यो में भी बेहद सक्रियता से अपनी भूमिका अदा करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले खेलकूद के आयोजन, धार्मिक आयोजन और समाज सेवा के माध्यम से लोगों के बीच इनका जुड़ाव अरसे से चला रहा है। इसी की बानगी है कि अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने रक्तदान कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। साथ ही न्यौता भोज का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समाज में इस आयोजन के प्रचार प्रसार का भी प्रयास किया।

# भरतपुर का होगा भरपूर विकास और सोनहत होगा समृद्धिशाली वाक्य को हम साकार करेंगे: रेणुका

## विधायक रेणुका की पहल पर सोनहत ब्लाक को 70 लाख रूपये की निर्माण कार्यों की स्वीकृति

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह की पहल पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्रधिकरण मद के तहत विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत के विकास खण्ड सोनहत में 6 विकास कार्यो के लिए 70 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के प्रयास पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्रधिकरण के तहत विकासखण्ड सोनहत के ग्राम पंचायत घुघरा के नहरपारा मार्ग में पुलिया निर्माण एवं हर्रापारा मार्ग में पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत सुन्दरपुर के हाई स्कूल मार्ग से पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत कुशहा के केवराबहरा स्कूल से रामसाय घर मार्ग में पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत मधौरा में पुलिया निर्माण कार्य के लिए 10-10 लाख



तथा ग्राम पंचायत कैलाशपुर के ग्राम ओरगई, कोरबंधा से शंकर मंदिर पहुंच मार्ग में पुलिया निमार्ण कार्य के लिए 20 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उक्त निर्माण कार्य के लिए संबंधित ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

निर्माण कार्यो की स्वीकृति पर विधायक रेणुका सिंह ने क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। अंतिम पंक्ति तक विकास पहुंचना हमारा दायित्व है। विकसित भारत की परिकल्पना के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना हम साकार कर रहे है। विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, बनाए है हम, संवार रहे है हम की तर्ज पर भरतपुर सोनहत विधानसभा का विकास कर रहे है। उन्होंने कहा कि, भरतपुर का होगा भरपूर विकास और सोनहत होगा समृद्धिशाली वाक्य को हम साकार करेंगे।

# जिला पुलिस द्वारा फेरी करने वालों,किरायेदारों के वैधानिक कागजों के आधार पर ली जा रही जानकारी

## कुल 2026 बाहरी लोगों की तस्दीक हेतु पत्र उनके गृह राज्यों के लिए किया गया जारी

-संवाददाता-
कोरबा,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस.चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी क्षेत्र अंतर्गत होटल, लॉज, फेरी करने वाले, किराएदारों और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया। पुलिस टीम के द्वारा होटल, लॉज संचालकों को स्पष्ट हिदायत दिया गया है कि होटल, लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विधिवत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। पुलिस टीम के



द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सडक किनारे जडी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उनकी मुसाफिरी दर्ज करायी गई। कोरबा पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए 1990 लोगों को चेक किया गया, 597 किरायेदारो को तस्दीक किया गया, संदिग्ध अजनबी (एस एस रोल) के तहत 2026 लोगों को चेक किया गया एवं कदाचारी (बी सी रोल) के तहत 39 लोगों को चेक किया गया है।

2026 व्यक्तियों में से 164 उत्तर प्रदेश, 216 बिहार झारखंड, 94 महाराष्ट्र, 89 राजस्थान, 85 हरियाणा, 142 उड़ीसा जैसे राज्यो को एवं 1236 अन्य दीगर जिलों को जारी किया गया है एवं उनके राज्य के नजदीकी थाने में संपर्क करके उनके बारे में जानकारी लिया गया।थाना प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर विधिवत जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। पुलिस की टीम के द्वारा यह का गया है के, मकान मालिक की व्यक्तिगत जवाबदारी है कि वह थाने में किराएदार की सूचना दें। मकान मालिकों को हिदायत दिया गया कि मकान किराये पर देने से पूर्व अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराये अगर कोई मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। कोरबा पुलिस की अपील है कि सभी अपने किराएदार और नौकरों का संबंधित थाने में जाकर अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन अवश्य करावें।

# नगर निगम के लेखा अधिकारी द्वारा पद का किया गया दुरुपयोग

## मरम्मत के लिए 30 लाख की मंजूरी और किया गया 32 लाख का भुगतान

-राजा मुखर्जी-
कोरबा,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा नगर निगम में काम लेने अशोक देशमुख द्वारा जिसका पैसा प्राप्त होता है उनका चेक पहले भुगतान कर दिया जाता है और जो ठेकेदार पैसा नहीं देते है उनका




वाले ठेकेदारों ने कमीशन खोरी से तंग आकर नगर निगम के लेखा अधिकारी ऑफिसर अशोक देशमुख के खिलाफ खोल दिया है मोर्चा। उनकी शिकायत है कि देशमुख, अपने पद का दुरुपयोग कर निगम कोष को क्षति पहुंचा रहे है। बताया गया है के कार्य की राशि जारी होने पर लेखा अधिकारी द्वारा स्वयं डोर टू डोर जाकर ठेकेदारों से कमीशन वसूल रहे हैं। और तो और एक बैंक में काम कर रहे अपने बेटे के प्रमोशन के लिए भी निगम के खाते से रकम ट्रांसफर कर उसे लाभ दिलाने अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। ठेकेदारों ने उक्त शिकायत पत्र में दर्शाया है ,साथ ही ठेकेदारों द्वारा उक्त लेखाधिकारी को हटाने की भी मांग की गई है।शिकायत में ठेकेदारों ने बताया है कि नगर निगम कोरबा के लेखा अधिकारी अशोक कुमार देशमुख अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नगर निगम को वित्तीय क्षति पहुंचा रहे हैं। शिकायत में लिखा गया है कि देशमुख द्वारा सभी ठेकेदारों के घर-घर जाकर 4.5 प्रतिशत का कमिशन लिया जा रहा है। यही नहीं, लेखाधिकारी भुगतान महीनों तक नहीं करते है। वे अपने पुत्र चंद्रकांत देशमुख को ढ्ढछ्वद्ध बैंक में सर्विस दिलाने के लिए उक्त बैंक में खाता खोला गया एवं पुत्र के प्रमोशन हेतु निगम फण्ड ढ्ढछ्व्रष्ट फर्स्ट बैंक में भेजा जा रहा है। इसकी जानकारी कैश शाखा से वित्तीय लेनदेन एवं उनकी पुत्र की ज्वाइनिंग आदि की तिथि से प्राप्त की जा सकता है। इतना ही नहीं, नगर पालिक निगम में चार्टर्ड एकाउंटेंट को प्रतिमाह डेढ़ लाख का भुगतान किया जाता है। जबकि चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा अंबिकापुर से महीने में एक दिन ही कोरबा का दौरा होता है। नस्तियों में साईन उनके कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। उक्त राशि से कम खर्च पर कोरबा में सीए मिल सकते हैं, जिसके लिए खुली रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण करने पर मिल सकते हैं।

### बदहाल सड़कों की मरम्मत के लिए 30 लाख की मंजूरी और किया गया 32 लाख भुगतान

जीर्ण शीर्ण सड़कों के मरम्मत कार्य मद के लिए स्वीकृत 30 लाख में भुगतान 32 लाख रुपये किया गया। बिना आयुक्त की स्वीकृति 2 लाख का खर्च किया गया। यह खर्च भी रोका जा सकता था। इसे शासन से स्वीकृति उपरांत भुगतान किया जाना था। यह कृत्य वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इसी तरह यूआईपीए के तहत शासन से प्राप्त राशि का दूसरे मद में व्यय कर दिया गया है, जो शासन के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है,पर कमिशन खोरी के चक्कर में भुगतान कर दिया गया है।

# अग्निवीर के प्रति समाज में होगा सम्मान,कार्यकाल पूरा करने के बाद उनके पास अनुभव और हुनर की होगी पूंजी:उपमुख्यमंत्री

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा अन्य अतिथियों ने आज छत्तीसगढ़ के चयनित अग्निवीरों का शहीद स्मारक भवन में सम्मान किया। अग्निवीर थलसेना के लिए वर्ष 2023 के 870 और वर्ष-2022 में 434 अग्निवीरों का चयन हुआ है। शहीद स्मारक भवन में आज आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस अवसर पर रोजगार एप्प का भी लोकार्पण किया गया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अग्निवीरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे गर्व है 11 हजार 500 ने पंजीयन कराया और उन्होने कड़ी मेहनत और लगन चयन परीक्षा दी फलस्वरूप थलसेना में 876 युवाओं का चयन हुआ। इस बार 13 हजार से अधिक ने पंजीचन कराया और विश्वास है कि हम रिकार्ड सेलेक्सन लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार अग्निवीर चयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएं गए है, इसका बेहतर परिणाम मिला है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को बधाई दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम में रोजगार पंजीयन के लिए मोबाइल ऐप और ई-रोजगार पोर्टल का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने कहा कि इस एप्प के सहयोग से मोबाइल से ही जिसमे घर बैठे कहीं से भी आवेदक को रोजगार सहायता हेतु पंजीयन एवं नवीनीकरण की सुविधा प्राप्त होगी। वे अपने सारे डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकेंगे। साथ ही रोजगार की सूचना भी मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस एप्प में आवेदक को नवीनीकरण की सुविधा प्राप्त होगी और अभिलेखों के सत्यापन आधार ओटीपी के माध्यम से होगा। साथ ही इसके लिए कार्यालय में उपस्थिति देने की आवश्यकता नहीं होगी।



### जिले के 07 चयनित बच्चों का सम्मान

छत्तीसगढ़ प्रदेश के कुल 870 युवाओं का चयन हुआ है। अग्निवीर पुरुष भर्ती दिसंबर 2023 में सूरजपुर भर्ती में 49 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। जिसमें से सात उम्मीदवार अग्निवीर जीडी, अग्नि वीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेडर्स के लिए चुने गए थे। इन 07 चयनित युवाओं का सम्मान आज शहीद स्मारक भवन रायपुर में किया गया । जिसमें शुभम पाल,अनिल कुमार साहू, रविशंकर,सागर यादव, ऋषि कुमार, नरेश प्रसाद सिंह एवं विशाल सोनी का सम्मान मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा किया गया।



## तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर के द्वारा जिला सूरजपुर के मंगल भवन सूरजपुर एवं शिव मंदिर प्रांगण, नगर पंचायत भटगांव में किया गया था। बाईक रैली के साथ रोड शो, गायत्री परिवार द्वारा महायज्ञ एवं मंत्री के द्वारा योग किट का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 03 दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर मंगल भवन सूरजपुर एवं शिव मंदिर प्रांगण भटगांव में कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन में गायत्री परिवार के श्री विमल रजक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का आयोजन श्री गौरव कुमार देवांगन छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर एवं योग आयोग प्रबंधक रविकान्त कुम्भकार के समन्वय से किया गया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सिगनलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः 160A-एसटी-टेंडर-2023, दिनांकः 04.03.2024. कार्यः "बिलासपुर मंडल में फ्यूज इंडिकेशन कम मॉनिटरिंग और स्वचालित चेंजओवर प्रणाली का प्रावधान और क्वाड केबल अर्थ रेसिस्टेंस सेंसिंग यूनिट का प्रावधान।" निविदा मूल्यः ₹ 1,45,13,856/- (₹ एक करोड़ पैंतालीस लाख तेरह हजार आठ सौ छप्पन मात्र)। अमानत राशिः ₹ 2,22,600/- (₹ दो लाख बाईस हजार छः सौ मात्र)।

निविदा जमा करने की तिथिः 26.03.2024 के 15:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./ बिलासपुर
सीपीआर/10/467
South East Central Railway @secrail
RO No./BSP/5390


## 25 मार्च होली पर्व, शुष्क दिवस

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोहित व्यास छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के अन्तर्गत शासन द्वारा जारी निर्देश वर्ष 2023-24 नियम अनुसार होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाए) के उपलक्ष्य में एक दिवस का शुष्क दिवस रखे जाने के प्रावधान अनुसार 25 मार्च 2024 (होली पर्व) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

# सूरजपुर में हुआ जिला स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन तक्षशीला मेधा ग्रंथलाय सूरजपुर में जिले के सभी विकासखण्ड से चयनित विद्यालय के बच्चों के द्वारा किया गया है। पुस्तक मेला में सेजेस नवापारा, सेजेस बतरा,सेजेस भुवनेश्वरपुर, सेजेस ओड़गी, सेजेस प्रतापपुर के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों ने विभिन्न थीम को लेकर जैसे (गणित का जादू, पुस्तक हमारे मित्र, पुस्तक तब और अब इत्यादि )बुक




स्टॉल लगाया गया। जिला स्तरीय पुस्तक मेला का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल के द्वारा किया गया। पुस्तक मेला कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सूरजपुर श्री शशि सिंह, सहायक संचालक श्री रविन्द्र सिंहदेव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री भानु प्रताप चन्द्राकर, बी.आर.सी. श्री मनोज मंडल एवं प्रभारी प्राचार्य श्री मनोज झा सेजेस नवापारा सूरजपुर की उपस्थिति थे। उद्बोधन भाषण में जिला शिक्षा अधिकारी ने पुस्तक के महत्व के बारे में प्रकाश डाला।

# शराब भट्टी में हुए डकैती की गुत्थी सुलझाने दर्री पुलिस समेत साइबर सेल के जवानों ने संभाला मोर्चा



-संवाददाता-
कोरबा,14 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर शराब भट्टी में डकैती करते हुए डेढ़ लाख रुपए लूट के मामले की गुत्थी सुलझाने जिला के पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में दर्री कोतवाल एवं साइबर सेल की टीम जिसमें डेढ़ दर्जन से ज्यादा तेज तर्रार वर्दी एवं सादे वेश में स्टाफ तैनात हैं जो अब डकैती की गुत्थी को सुलझाने में मोर्चा संभाल लिए है। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने हर हाल में अपने मातहतों को अच्छे परिणाम देने के लिए यहां तक छूट दे दिया है कि समय भले ही लगे लेकिन आरोपी बचने न पाए और कोई भी निर्दोष बिना वजह परेशान न होने पाए। इसलिए पुलिस की टीम एवं साइबर सेल के जवान फूंक-फूंक कर कदम रख मामले की जांच कर रहे है । जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शहर कोतवाल रूपक शर्मा अपने मातहत विवेचकों एवं आरक्षकों के साथ ही साइबर सेल के तेज तर्रार प्रधान आरक्षकों क्रमशः चंद्रशेखर पांडेय, गुनाराम सिन्हा एवं आधा दर्जन से ज्यादा आरक्षकों को इस मामले की गुत्थी सुलझाने में पूरी तरह से अलग-अलग प्वाइंटों पर लगा दिया है। जिसके तहत कुछ जवान केवल मोबाइल सर्विलांस का सहारा ले रहे हैं तो कुछ जवान मैदानी इलाके में मुखबिरों को लगा रखे हैं। वहीं दर्री पुलिस एवं साइबर सेल के जवान मामले में विशेष ध्यान रखते हुए बारीकी से हर पहलू पर जांच में जुटी हैं । जल्द मामले की तह तक पहुंचने की लगाई जा रही उम्मीद ।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खड़गवॉं जिला-एमसीबी.छ0ग0**

**ईश्तहार**

क्र./क्यु/वाचक/...खडगवॉं दि.05/03/024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी ग्राम बहालपुर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदीन पिता स्व0 बैजनाथ जाति सूर्यवंशी निवासी बहालपुर तहसील जिला एम0सी0बी0 छत्तीसगढ़ के द्वारा स्व0 बैजनाथ निवासी बहालपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 09/07/1999 स्थान बहालपुर को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/03/2024 को 11.00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

अतः दिनांक 05/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खड़गवॉं
जिला एम0सी0बी0,छ0ग0

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खड़गवॉं जिला-एमसीबी.छ0ग0**

**ईश्तहार**

क्र./क्यु/वाचक/...खडगवॉं दि.05/03/024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी ग्राम ठगगांव की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक कामेश्वर पिता स्व0 रामनाथ जाति पण्डो निवासी ठगगांव तहसील जिला एम0सी0बी0 छत्तीसगढ़ के द्वारा स्व0 रामनाथ निवासी ठगगांव का जन्म/मृत्यु दिनांक 25/07/2020 स्थान ठगगांव को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/03/2024 को 11.00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

अतः दिनांक 05/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खड़गवॉं
जिला एम0सी0बी0,छ0ग0

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**
निविदा आमंत्रण तिथि- 12/03/2024

-::ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना:-

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate,gov,in
02. संबंधित संभाग-स.क्रं. 1 से 10 अम्बिकापुर एवं स.क्रं. 11 जशपुर संभाग
03. स.क्रं.- 'द' वर्ग एवं उपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 01.04.2024

| स. क्र. | एन.आई.टी.क्र. | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 197 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 80.00 |
| 2 | 198 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 60.00 |
| 3 | 199 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं पुल पुलियों में साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 60.00 |
| 4 | 200 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 50.00 |
| 5 | 201 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 60.00 |
| 6 | 202 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं पुल पुलियों में साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 40.00 |
| 7 | 203 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीतापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 30.00 |
| 8 | 204 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीतापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 50.00 |
| 9 | 205 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीतापुर के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयीन भवनों का साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 25.00 |
| 10 | 206 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीतापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं पुल पुलियों में साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 60.00 |
| 11 | 207 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.1 जशपुर एवं क्रं. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय शासकीय भवनों का अनुरक्षंण एवं मरम्मत कार्य।(प्रथम काल) | 40.00 |

जी0नं0- 08511/2

अधीक्षण अभियंता
लोक निमार्ण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

# रणजी ट्रॉफी 42 वीं बार मुंबई के कब्जे में



» विदर्भ को 169 रन से हराया
» 8 साल बाद चैंपियन बने
» मुशीर खान प्लेयर ऑफ द फाइनल
» विदर्भ का फिर से टूटा सपना

**मुंबई, 14 मार्च 2024।** मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 का खिताब जीत लिया है। मुंबई ने फाइनल मुकाबले में विदर्भ को 169 रन के बड़े अंतर से हराया। यह मुंबई का 42वां रणजी खिताब है। टीम 8 साल के इंतजार के बाद चैंपियन बनी है। मुंबई ने आखिरी खिताब 2015-16 के सीजन में जीता था। आखिरी दिन 538 रन के टारगेट का पीछा कर रही विदर्भ की टीम दूसरी पारी में 368 रन ही बना सकी।

वानखेड़े मैदान पर गुरुवार को विदर्भ ने अपने आखिरी 5 विकेट दूसरे सेशन में गंवा दिए। लंच तक टीम का स्कोर 333/5 रहा। अक्षय वाडकर 102 और हर्ष दुबे 65 रन बनाकर आउट हुए। दोनों के बीच 130 रनों की पार्टनरशिप हुई। इन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। मुंबई की पहली पारी में 136 रन बनाने वाले मुशीर खान ने 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया।

### अक्षय का शतक, हर्ष की फिफ्टी

विदर्भ की दूसरी पारी में अक्षय वाडकर (102 रन) ने शतकीय पारी खेली, जबकि हर्ष दुबे (65 रन) ने अर्धशतक जमाया। इनसे पहले, करुण नायर ने 74 रन का योगदान दिया। मुंबई की ओर से मुशीर के अलावा, तुषार देशपांडे को 2 विकेट झटके। शम्स मुलानी और धवल कुलकर्णी को एक-एक विकेट मिला।

### तनुष कोटियन ने झटके कुल 7 विकेट

मुंबई टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों का प्रदर्शन बेहद ही शानदार रहा। फाइनल मुकाबले में विदर्भ के खिलाफ मुंबई की तरफ से तनुष कोटियन ने दोनों पारियों को मिलकर कुल 7 विकेट झटके। पहली पारी में उन्होंने 3 विकेट हासिल किए, जबकि दूसरी पारी में तनुष को 4 विकेट मिले। मुशीर खान ने दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके।

### विदर्भ पहली पारी में 105 रन पर सिमटी

विदर्भ पहली पारी में महज 105 रन पर सिमट गई। इससे पहले, मुंबई ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 224 रन बनाए।

### श्रेयस अय्यर का डांस वायरल

मुंबई टीम का प्रदर्शन खिताबी मुकाबले में बेहद शानदार रहा। बल्ले से मुशीर खान ने शतकीय पारी खेली, तो गेंदबाजों ने भी टीम को चैंपियन बनाने में अहम किरदार निभाया। मुंबई ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी के खिताब पर कब्जा जमाया, जिसके खुशी श्रेयस अय्यर के चेहरे पर साफतौर से नजर आई। अय्यर ने बीच मैदान पर हाथ हवा में उठाते हुए जमकर डांस किया। दरअसल, मुंबई की जीत के बाद मैदान पर ढोल बज रहे थे, जिसकी धुन पर अय्यर खूब थिरके। सोशल मीडिया पर अय्यर का यह अंदाज फैन्स को खूब पसंद आ रहा है।

### दूसरी पारी में मुशीर-अय्यर का जमकर बोला बल्ला

मुंबई टीम रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में पहली पारी में 224 रन पर ढेर हो गई थी। पहली पारी में मुंबई की तरफ से शार्दुल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए थे। विदर्भ टीम की तरफ से पहली पारी में हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने 3-3 विकेट, जबकि उमेश को 2 और आदित्ये को एक सफलता मिली थी।

### मुंबई ने 538 रन का टारगेट दिया था

मेजबान मुंबई ने विदर्भ को 538 रन का टारगेट दिया था। टीम ने अपनी दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई को पहली पारी में 119 रन की बढ़त मिली थी। इस प्रकार विदर्भ को 538 रन का टारगेट मिला।


## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में अश्विन फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए



**नई दिल्ली, 14 मार्च 2024।** भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपना 100वां टेस्ट मैच नौ विकेट के साथ समाप्त करने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें मैच में, अश्विन ने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 4/51 और 5/77 के साथ भारत ने धर्मशाला में एक पारी और 64 रन से जीत हासिल की और 4-1 से जीत हासिल की।

### आर्सेनल, बार्सा चैंपियंस लीग क्यूएफ में पहुंचे क्वार्टर फाईनल में



**लंदन/मैड्रिड, 14 मार्च 2024।** आर्सेनल ने यूईएफए चैंपियंस लीग राउंड ऑफ 16 मुकाबले के दूसरे चरण में पोर्टो को पेनल्टी पर 4-2 से हराकर 2010 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह प्रतियोगिता में पहला पेनल्टी शूट-आउट था। 2016 का फाइनल-डेविड राया के नायक के रूप में गनर्स ने स्पॉट किक पर 4-2 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में शामिल होने के 14 साल के इंतजार को समाप्त किया। आर्सेनल ने 40 मिनट में पोर्टो के 1-0 के पहले चरण के लाभ को रद्द कर दिया जब लिएंड्रो ट्रॉसर्ड ने नेट पाया, और ब्रेक के बाद गनर्स ने सोचा कि वे आगे निकल गए हैं, लेकिन मार्टिन ओडेगार्ड ने बिल्ड-अप में बेईमानी के लिए विवादास्पद रूप से एक गोल को अस्वीकार कर दिया था। अतिरिक्त समय भी दोनों पक्षों को अलग नहीं कर सका और मुकाबला पेनाल्टी में चला गया। मैड्रिड में, एफसी बार्सिलोना ने नेपोली के खिलाफ घरेलू मैदान पर चैंपियंस लीग का रोमांचक मुकाबला 3-1 से जीतकर चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### डब्ल्यूपीएल हर तरह के खेल में लड़कियों के लिए एक उदाहरण

**मुंबई, 14 मार्च 2024।** इंडियंस (एमआई) ने इस सीज़न में नॉकआउट चरण से पहले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अपना अंतिम लीग चरण मैच खेला था, टीम की मालिक नीता अंबानी टीम का समर्थन करने के लिए दिल्ली में थीं, जहां उन्होंने इसके महत्व के बारे में भी बात की। भारत में महिला खिलाड़ियों के लिए डब्ल्यूपीएल जैसा मंच। अंबानी ने डब्ल्यूपीएल को युवा लड़कियों के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का एक बड़ा अवसर बताया।

## विरोधी चाहते हैं कि स्मिथ बतौर ओपनर खेलें: टिम पेन



**नई दिल्ली, 14 मार्च 2024।** डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी बैटिंग लाइनअप को नया आकार देने में जुट गई है। इस बीच स्टीव स्मिथ को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टीम पेन ने चौंकाने वाला बयान दिया है।

टिम पेन ने स्टीव स्मिथ के सलामी बल्लेबाज के रूप में उनके सफल होने की क्षमता पर भरोसा जताया है। वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ को बतौर ओपनिंग बल्लेबाज खिलाने का फैसला किया था।

हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान स्मिथ के प्रदर्शन ने सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी काबिलियत पर सवाल उठाए। पेन ने चिंताओं को स्वीकार करते हुए कहा कि विरोधी टीमें स्मिथ के पारी की शुरुआत में उनकी कमजोरियों का फायदा उठाने के अवसर के रूप में देख सकती हैं। न्यूजीलैंड में स्मिथ के संघर्षों पर बात करते हुए, जहां वह 12.75 की औसत से केवल 51 रन बना सके, पेन ने स्मिथ को नई भूमिका में अपनी लय खोजने के महत्व पर जोर दिया।

टिम पेन ने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रहा होता तो मैं चाहूता कि स्टीव स्मिथ ओपनिंग बल्लेबाजी करें। इससे मेरे बेस्ट गेंदबाजों को उन्हें आउट करने का पूरा मौका मिलेगा, वह भी नई गेंद के साथ। साल 2019 की एशेज सीरीज में जब मैं उनके साथ इंग्लैंड के दौरे पर था, उस समय वह नंबर 4 की पोजीशन में खेले थे और स्मिथ को खेलते देख ऐसा लगा था कि कोई भी उनको आउट नहीं कर पाएगा।

मैं उन्हें बतौर ओपनर सफल होते देखना चाहता हूं और मुझे लगता है कि वह ऐसा करने में भी कामयाब होंगे, लेकिन एक विरोधी टीम के खिलाड़ी के तौर पर मैं चाहूंगा कि वह शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी पर उतरें ताकि उनको जल्दी आउट करने का मौका मिल सके।

भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए, पेन ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव के सुझावों को खारिज कर दिया। उन्होंने शीर्ष पर स्मिथ की पुष्टि करते हुए कहा कि स्मिथ ने अपनी काबिलियत और क्षमता के दम पर किसी भी क्रम में बल्लेबाजी करने का अधिकार अर्जित कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला नवंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत से होगा।

## डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स दुबई में गिरफ्तार



**हेग, 14 मार्च 2024।** ड्रग्स की तस्करी और अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला करने के दोषी डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स को डच अधिकारियों के अनुरोध पर दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक प्रेस विज्ञप्ति में दुबई के सरकारी वकील ने इसकी जानकारी दी। बयान के अनुसार, गिरफ्तारी यूएई और नीदरलैंड के अधिकारियों के बीच ज्वाइंट ऑपरेशन की मदद से हुई। यह गिरफ्तारी नीदरलैंड द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई। रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड अब दुबई पुलिस से क्विंसी प्रॉम्स को उन्हें सौंपने का अनुरोध करेगा।

रेड नोटिस दुनिया भर में कानून प्रवर्तन से प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए लंबित किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है। यह अनुरोध करने वाले देश में न्यायिक अधिकारियों द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट या अदालती आदेश पर आधारित है। किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करना है या नहीं, यह तय करने में सदस्य देश अपने स्वयं के कानून लागू करते हैं।

पिछले महीने एम्स्टर्डम की अदालत ने कोकीन की एक बड़ी खेप की तस्करी में शामिल होने के लिए प्रॉम्स को उसकी अनुपस्थिति में छह साल जेल की सजा सुनाई थी।

## शेली निट्स्के ने कहा-जोनासेन को आगामी दौरे के लिए छोड़ना कठिन निर्णय



**मीरपुर, 14 मार्च 2024।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के मुख्य कोच शेली निट्स्के ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दौरे के लिए तेज गेंदबाज जेस जोनासेन को छोड़ना एक कठिन निर्णय था।

निट्स्के ने कहा कि जोनासेन यह जानकर निराश थीं कि वह बांग्लादेश के खिलाफ आगामी वनडे और टी 20 सीरीज में हिस्सा लेंगी। यह एक कठिन निर्णय था और वह बहुत निराश थी। यह देखने के लिए कि डब्ल्यूपीएल में उसे कैसी प्रतिक्रिया मिली है, मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उसने ऐसा किया है। वह एक असली फाइटर है। निश्चित रूप से इस बात से आश्चर्यचकित नहीं हूं कि वह इस बारे में कैसे जा रही है और एक बयान दे रही है जो कि है बिल्कुल वही जो हम देखना पसंद करते हैं, ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने निट्स्के के हवाले से कहा। चल रहे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 में, जोनासेन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। मौजूदा सीज़न में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 6 मैचों में 15.09 की औसत से 11 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई सीमर टूर्नामेंट में तीसरा सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। मुख्य कोच ने कहा कि जोनासेन ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए महान सेवक रहे हैं। निट्स्के ने आगे कहा कि डीसी पेसर को मौजूदा डब्ल्यूपीएल 2024 में देखना शानदार रहा है। जेजे जैसे खिलाड़ी को बाहर करना वास्तव में कठिन है जो लंबे समय से टीम में है।

## टी 20 वर्ल्ड कप में खिलाड़ियों को जगह मिलनी मुश्किल



**नई दिल्ली, 14 मार्च 2024।** आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों के पास अब महज आईपीएल 2024 ही रह गया है। जो उनकी तैयारियों को आखिरी रूप देगा। दरअसल, वर्ल्ड कप स्क्वॉड सिलेक्शन में आईपीएल अहम भूमिका निभाएगा। लेकिन टूर्नामेंट टीम का चयन मुख्य आधार नहीं होगा। दरअसल, चयनकर्ता सिर्फ आईपीएल के प्रदर्शन पर ही निर्भर रहना नहीं चाहते हैं। अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए खिलाड़ियों का विश्लेषण करने के लिए तैयार है, लेकिन ये पूरी तरह से आईपीएल पर आधारित नहीं होने वाला है। वहीं बोर्ड संतुलन बनाने में लगा हुआ है। आईपीएल एख अहम मंच जरूर बना हुआ है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप के लिए लगातार प्रदर्शन और आगे की सोच को फोकस में रखा जाएगा। ऐसे में ये बदलाव अहम साबित हो सकता है, क्योंकि भारत अपने आईसीसी ट्रॉफी सूखे को खत्म करने के लक्ष्य से ही जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में उतरेगा।


## श्रीलंका के पूर्व कप्तान भीषण दुर्घटना में घायल



**कोलाम्बो, 14 मार्च 2024।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर लाहिरू थिरिमाने और उनके परिवार की गुरुवार को श्रीलंका के अनुराधापुरा में एक भयानक कार दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में मामूली चोटें लगने के बाद 34 वर्षीय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।थिरिमाने अपने परिवार के साथ एक मंदिर जा रहे थे, तभी शहर के थिरापन्ने इलाके में उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई। सामने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त उनकी काली गाड़ी की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है।34 वर्षीय खिलाड़ी वर्तमान में पल्लेकेले में लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल रहे हैं जहां वह न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बुधवार को एक मैच खेला जिसमें उन्होंने 18 रन बनाए और इस भयानक घटना का सामना करने से पहले ऐसा लगा कि ऐसा लगता है कि यह उन्हें कुछ दिनों के लिए मैदान से बाहर रखेगा।÷हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि लाहिरू थिरिमाने और उनका परिवार मंदिर के दर्शन के दौरान एक छोटी कार दुर्घटना में शामिल थे। शुक्र है, उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।÷सौभाग्य से, गहन चिकित्सा मूल्यांकन के बाद, हम पुष्टि कर सकते हैं कि वे सभी सुरक्षित और स्वस्थ हैं, चिंता का कोई कारण नहीं है।

## जल्द ही रिलीज होगी हॉरर क्राइम ड्रामा इंस्पेक्टर ऋषि

एक नया हॉरर क्राइम ड्रामा इंस्पेक्टर ऋषि जल्द ही रिलीज होने के लिए तैयार है। नन्दिनी जेएस द्वारा निर्मित, तमिल प्रोजेक्ट में सुनैना, कन्ना रवि, मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल और कुमारवेल के साथ नवीन चंद्र महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।




आधिकारिक सारांश में लिखा है, इंस्पेक्टर ऋषि एक मनोरंजक कथा प्रस्तुत करते हैं जो एक संशयवादी इंस्पेक्टर, ऋषि नंदन की यात्रा का पता लगाता है, जिसके दृढ़ विश्वास को चुनौती दी जाती है जब वह अलौकिक घटनाओं से जुड़ी अजीबोगरीब हत्याओं की एक श्रृंखला की जांच करता है। जैसा कि इंस्पेक्टर ऋषि इस दिमाग से गुजरते हैं- डरावने और रहस्य से भरे मामले को मोड़ते हुए, उसे अपराध से जुड़े रहस्यों को उजागर करने और अपनी आंतरिक उथल-पुथल से जूझने में, दुर्जेय बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

दर्शक शो से क्या उम्मीद कर सकते हैं, इस पर निर्माता नंदिनी ने कहा, एक निर्माता के रूप में, इंस्पेक्टर ऋषि पर काम करना एक बेहद संतुष्टिदायक अनुभव रहा है और मैं इस सहयोग के लिए आभारी हूं। डरावनी और रहस्य के साथ एक पुलिस प्रक्रिया को एकीकृत करने से मुझे अन्वेषण करने की अनुमति मिली है कहानी कहने के नए आयाम, इंस्पेक्टर ऋषि की भयानक और रहस्यमय दुनिया में गहराई से उतरना। नंदिनी ने कहा, नवीन चंद्रा, सुनैना, कन्ना रवि, मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल, कुमारवेल सहित कलाकारों के शानदार प्रदर्शन और चालक दल के सदस्यों के समर्पित प्रयासों ने मेरी दृष्टि को स्क्रीन पर खूबसूरती से अनुवादित किया है। इंस्पेक्टर ऋषि 29 मार्च को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## दिशा पाटनी ने सेक्सी आउटफिट में गिराई बिजली




बॉलीवुड की खूबसूरत और बोल्ड अदाकारा में से एक दिशा पाटनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल धड़काती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर स्टनिंग तस्वीरें व वीडियो शेयर किया है जोकि सोशल मीडिया का पारा तेज कर रहे हैं.। दिशा पाटनी ने सिल्वर कलर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, लाइट मेकअप के और खुले बालों के साथ पोज के साथ साथ वीडियो में डांस करते भी दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस का इन तस्वीरें व वीडियो में किलर अवतार देख फैंस के होश उड़ गए हैं और वे दिशा की हॉटनेस की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। दिशा पाटनी आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज बेमिसाल है। इन तस्वीरों में दिशा पाटनी कैमरे के सामने कातिलाना निगाहों से कैमरे में पोज देते हुए एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।दिशा पाटनी की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है और एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस को आए दिन अपनी हर एक झलक शेयर कर के ट्रीट देती रहती हैं।

## किरण अब्बावरम ने रहस्य गोरक से की सगाई



अभिनेता किरण अब्बावरम और रहस्य गोरक ने 13 मार्च को हैदराबाद में आयोजित एक हार्दिक समारोह में सगाई की अंगूठियों का आदान-प्रदान करते हुए अपनी प्रेम कहानी के एक नए अध्याय की शुरुआत की। यह जोड़ी, जो पहली बार 2019 की फिल्म राजा वरु रानी के सेट पर एक-दूसरे से मिलीं। गारू ने करीबी दोस्तों और परिवार के बीच अपने मिलन का जश्न मनाया। रहस्य हीरे के गहनों से सजी एक साधारण हरे रंग की साड़ी में दंग रह गया, जबकि किरण एक हाथीदांत कुर्ता-पायजामा पहनावे में बहुत सुंदर लग रही थी। एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित अंतरंग सगाई में जोड़े को एक-दूसरे को माला और अंगूठियां पहनाते हुए देखा गया, जो शादी की ओर उनकी यात्रा की शुरुआत थी।

## फिल्म बस्तर 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी




बीते साल 2023 में अदा शर्मा ने फिल्म द केरल स्टोरी की जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की इस मूवी ने कामयाबी का परचम लहराते हुए बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर के दिखाया है। अब फिल्म बस्तर-द नक्सल स्टोरी के जरिए अदा, सुदीप्तो और विपुल की तिकड़ी एक बार फिर से वापसी करने के लिए तैयार है। मेकर्स की तरफ से अब इस मूवी की टिकटों की एडवांस बुकिंग भी ओपन कर दी गई है, जिसके जरिए आप रिलीज से पहले इस मूवी की टिकटों को आसानी से बुक कर सकते हैं। अदा शर्मा स्टारर बस्तर-द नक्सल स्टोरी को लेकर इस समय में फैंस का जबरदस्त हाइप बना हुआ है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। हर कोई इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। मेकर्स की तरफ से सोशल मीडिया पर फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर लेटेस्ट अपडेट दिया गया। इस पोस्ट में बताया गया है कि रिलीज से दो दिन पहले बस्तर-द नक्सल स्टोरी की एडवांस बुकिंग की विंडो को ओपन कर दिया गया है और अगर आप भी इस मूवी को देखने के लिए बेताब हैं तो ऑनलाइन जाकर पहले से ही टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं। मालूम हो कि जिस तरह से अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है, उसके आधार पर बस्तर से काफी उम्मीदें की जा रही हैं। हांलाकि ये फिल्म कैसा प्रदर्शन करेगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बस्तर-द नक्सल स्टोरी की रिलीज में अब महज दो दिन का वक्त शेष रह गया है। 15 मार्च 2024 को ये फिल्म बड़े पर्दे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अपराधियों को पकड़ने हेतु नया ऐप हुआ लांच

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लांच किये छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गये दो ऐप

» आईओ मितान मोबाइल ऐप विवेचना अधिकारियों को करेगा सहयोग...

» दुर्ग पुलिस का त्रिनयन ऐप में 100 किमी तक के दायरे के सभी सीसीटीवी कैमरे के लोकेशन होंगे ट्रेस...

» अपराधियों को पकड़ने में होगी आसानी, दुर्ग पुलिस रेंज की है पहल...

**रायपुर,14 मार्च,2024 (ए)।** पुलिस विभाग द्वारा अपराधियों को ट्रैक करने तथा अपराध की विवेचना के लिए तेजी से टेक्नालाजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आईओ मितान मोबाइल ऐप लांच किया, यह विवेचना अधिकारियों के लिए काफी उपयोगी होगा। साथ ही उन्होंने दुर्ग पुलिस रेंज द्वारा तैयार किये गये त्रिनयन एप का भी शुभारंभ किया। इस त्रिनयन एप के माध्यम से 100 किमी तक के दायरे के सभी सीसीटीवी कैमरे के लोकेशन ट्रेस किये जा सकेंगे, इससे अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने टेक्नालाजी को विभाग में लगातार शामिल करने के लिए पुलिस अधिकारियों की इस मौके पर प्रशंसा भी की।



### इस तरह काम करता है त्रिनयन ऐप

गौरतलब है कि त्रिनयन एप दुर्ग पुलिस रेंज द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य भौगोलिक स्थिति के अंतर्गत आने वाले सभी निजी और सार्वजनिक सीसीटीवी के स्थानों की संपर्क जानकारी और सीसीटीवी नेटवर्क से संबंधित अन्य प्रासंगिक विवरण के डेटाबेस का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करना है। त्रिनयन का उद्देश्य महत्वपूर्ण निगरानी डेटा तक पहुंच बनाकर प्रकरणों की जांच के समय को न्यूनतम करना है। त्रिनयन एप एक सीसीटीवी की लोकेशन का डेटाबेस है। इस ऐप के माध्यम पुलिस का जवान सीसीटीवी कैमरा के पास जाकर उसकी लोकेशन तथा उसके मालिक की जानकारी त्रिनयन में डाल सकता है। इस तरह जितने भी सीसीटीवी कैमरा किसी एरिया में लगे हैं सबकी लोकेशन त्रिनयन में एकत्र हो सकेगी और गूगल मैप पर दिखेगी। जब भी कोई घटना होती है तो स्कैन ऑफ क्राइम के आस पास कहां कहां सीसीटीवी लगे हैं, पुलिस द्वारा उनकी तलाश की जाती है जिसमें काफी समय लगता है। इस ऐप के माध्यम से घटना स्थल के आस पास 100 मीटर से 100 किलोमीटर के आसपास में जितने भी सीसीटीवी कैमरा होंगे, उनकी लोकेशन और मालिक का नाम और नंबर त्रिनयन में दिख जायेंगे। इससे समय बचेगा और पुलिस को अपराधियों में पकड़ने में सहयोग मिलेगा। उसी तरह रात के समय सीसीटीवी तथा उसके मालिक को खोजना आसान होगा। यह ऐप पुलिस विभाग के लिए लाभदायक होगा। इसका ट्रायल दुर्ग पुलिस रेंज में कर ली गई है तथा इसमें 3000 से अधिक सीसीटीवी की लोकेशन को जोड़ा जा चुका है। साथ ही सभी जिलों के थाना की मैपिंग इसमें कर दी गई है। वर्तमान में यह ऐप केवल एंड्राइड मोबाइल के लिए उपलब्ध है।

### आईओ मितान मोबाइल ऐप विवेचना अधिकारियों को करेगा सहयोग

अपराध की विवेचना हेतु अपराध स्थल विवरण, फोटो, अभियुक्त या गिरफ्तार व्यक्ति की फोटो आदि अत्यंत ही महत्वपूर्ण जानकारियों होती हैं। सीसीटीएनएस पोर्टल में पंजीबद्ध अपराधों में वर्तमान में विवेचना अधिकारियों द्वारा अपराध घटना स्थल, अभियुक्त या गिरफ्तार व्यक्ति की फोटो, गुम इंसान की फोटो एवं अज्ञात शव की फोटो प्रविष्ट की जाने की प्रक्रिया को सरल सुगम एवं सुरक्षित करने हेतु आई.ओ मितान मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। यह मोबाइल ऐप एंड्रॉयड प्लेटफार्म में कार्य करने में सक्षम है।

# शिक्षा विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

### बीईओ पद के लिए व्याख्याता योग्य नहीं

**रायपुर,14 मार्च, 2024(ए)।** व्याख्याताओं को शिक्षा विभाग ने बड़ा झटका दिया है। हाईकोर्ट के आदेश की व्याख्या करते हुए शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि बीईओ के पद के लिए व्याख्याता योग्यता नहीं रखते हैं। दरअसल पूरा मामला व्याख्याता को प्रभारी बीईओ बनाने से जुड़ा है। मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। व्याख्याता राधेलाल जायसवाल को बीईओ के अपात्र घोषित कर दिया गया था, जबकि एबीईओ रामाकांत देवांगन को बीईओ के लिए पात्र माना गया था। मामले को एबीईओ राजेंद्र टंडन ने हाईकोर्ट में चुनौती




दी गयी, जिस पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। हाईकोर्ट के 2 दिसंबर 2022 के फैसले के बाद शिक्षा विभाग ने अब इसे लेकर स्पष्टता जारी की है। विभाग ने कहा है कि भर्ती नियम के मुताबिक बीई ओ के 25 फीसदी पद को एबीईओ की पदोन्नति से भरा जायेगा, जबकि बाकी के 75 फीसदी पदों को अन्य सेवाओं के व्यक्तियों के स्थामांतरण और प्रतिनियुक्ति से भरा जायेगा। अगर पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो 5 साल का अनुभव रखने वाले प्रार्य को भी नियुक्त किया जा सकता है। राजेंद्र कुमार जोशी का मूल पद व्याख्याता का था, लिहाजा स्पष्ट है कि वो बीईओ पद के योग्य नहीं है। ऐसे में राजेद्र कुमार जोशी एबीईओ बलौदाबाजार के पद पर उनकी पदस्थापना को निरस्त कर दिया गया है। वहीं राजेंद्र टंडन को पूर्व की भांति एबीईओ के पद पर बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया है।

# निगम-मंडल में नियुक्तियां लोकसभा चुनाव के बाद करेगी विष्णुदेव सरकार

**रायपुर,14 मार्च, 2024(ए)।** अब भाजपा के संगठन के नेताओं को खुद को सरकार में शामिल किये जाने और पद का इंतज़ार हैं। मतलब निगम-मंडल में नियुक्तियों को लेकर बात सामने आ रही है। दरअसल सवाल पूछे जा रहे हैं कि राज्य की सरकार निगम-मंडलों में नियुक्तियां कब करेगी? वही इस सवाल पर खुद भाजपा के प्रदेश प्रमुख किरण सिंह देव ने रहस्योद्घाटन किया हैं। उन्होंने साफ़ किया हैं कि लोकसभा चुनाव के पूरा होने के बाद सरकार इस अहम् विषय पर फैसला लेगी, निगम-मंडल में नियुक्तियां की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही हैं कि पिछली सरकार ने इन नियुक्तियों के लिए जितना समय लिया था, भाजपा उसके उलट छह-सात महीनों के भीतर ही संगठन के नेताओं का इंतज़ार ख़त्म कर उन्हें पद दे देगी।




# अधिकारियों का वेतन अचानक रुका

### राज्य में खड़ा हुआ बड़ा संकट

**रायपुर,14 मार्च, 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ वेयरहाउसिंग कारपोरेशन में प्रबंध निदेशक न होने से वहां के अधिकारियों, कर्मचारियों के सामने वेतन का संकट खड़ा हो गया है। आमतौर पर छत्तीसगढ़ वेयरहाउसिंग कारपोरेशन में महीने के एक या दो तारीख तक वेतन हो जाता है। मगर इस बार मार्च का 14 तारीख निकल गया। कल 15 है। याने आधा महीने निकल गया। उसके बाद शनिवार, रविवार अवकाश रहेगा। दो-एक दिन में आचार संहिता भी लगने वाला है। कहीं आचार संहिता लग गया तो फिर सरकार को पोस्टिंग करने में बड़ी दिक्कत जाएगी। क्योंकि, फिर तीन अफसरों का पेनल बनाकर छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजना पड़ेगा। वहां से फिर भारत निर्वाचन आयोग को जाएगा। आयोग जिस नाम को टिक करेगा, उसे फिर जीएडी एमडी अपाइंट कर पाएगा। इसमें कितना भी जल्दी किया जाए, फिर इस प्रॉसेज में हफ्ते-दस दिन का टाईम लगेगा ही। तब तक महीना निकल जाएगा।



छत्तीसगढ़ वेयरहाउसिंग कारपोरेशन में पहली बार ऐसी स्थिति आई है। दरअसल, वेयर हाउस के एमडी धमेंद्र साहू को राज्य सरकार ने 26 फरवरी को सारंगढ़-बिलाईगढ़ का कलेक्टर बना दिया था। पोस्टिंग होने के अगले दिन धमेंद्र मैनेजर पर्सनल को चार्ज हैंडओवर कर सारंगढ़ चले गए। तब से यह पद खाली है। मैनेजर पर्सनल एग्जीक्यूटिव पद नहीं, सो उन्हें वेतन निकालने का अधिकार नहीं। वेयर हाउसिंग में पहले भी कई बार एमडी के अवकाश या बाहर रहने से ये परिस्थिति बनी थी मगर सरकार किसी अफसर को प्रभारी एमडी अपाइंट कर देती थी। मगर इस बार ऐसा नहीं हो पाया। वेयर हाउसिंग में करीब 2200 अधिकारी, कर्मचारी हैं। इन सभी का वेतन लटक गया है। इस संबंध में वेयर हाउसिंग कारपोरेशन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष किशोर नागपुरे ने बताया कि वेतन के संकट के बारे में खाद्य सचिव से बात हुई है। उन्होंने जल्द एमडी नियुक्त करने का आश्वासन दिया है। धमेंद्र साहू के पास छत्तीसगढ़ वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के साथ ही आईजी पंजीयन का दायित्व भी था। जिस तरह वेयर हाउसिंग में एमडी की पोस्टिंग नहीं हो पाई है, उसी तरह आईजी पंजीयन का पद भी पिछले 17 दिन से खाली है। हालांकि, वह कारपोरेशन नहीं है, इसलिए वहां वेतन की दिक्कत नहीं।




# कर्मचारियों की समस्याओं और मांगो के लिए राज्य सरकार ने किया कमेटी का गठन

**रायपुर,14 मार्च,2024 (ए)।** राज्य सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं और मागों को लेकर गंभीरता दिखायी है। राज्य सरकार ने प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनायी है, जो कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया है।जीएडी की तरफ से जारी आदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता में कमेटी बनायी गयी है। इसमें विधि एवं विधायी विभाग के प्रमुख सचिव, जीएडी के सचिव, वित्त विभाग के सचिव और सचिव शासकीय कल्याण शाखा सदस्य होंगे।

# कुख्यात नक्सली हिड़मा गिरफ्तार

**बीजापुर,14 मार्च, 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जहां 8 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मद्देड दलम सुधाकर उर्फ़ उण्डम को गिरफ्तार किया है। यह नक्सली थाना तरलागुडा पर हमला करने के साथ-साथ हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, आगजनी, बलवा जैसे कई घटनाओं मे शामिल था।



मिली जानकारी के अनुसार, जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत जीडीआर और कोबरा 210 और थाना बासागुड़ा की संयुक्त टीम इलाके में गश्त के लिए निकली थी। तभी अचानक सर्चिंग पार्टी को यहां इसके होने की सूचना मिली। जिसके बाद घेराबंदी कर इसे गिरफ्तार कर लिया गया है । आरोपी के विरुद्ध कई थानों में 108 वारंट लंबित है और वह कई बड़ी वारदातों में भी शामिल रहा है। कांकेर जिले में गुरुवार को एक बार फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई।

कोलीबाड़ा इलाके में सुबह 7 बजे डीआरजी और पुलिस की टीम गस्त कर रही थी और तभी अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को मुहतोड़ जवाब देते हुए उन्हें खदेड़ दिया। बातचीत के दौरान एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि, कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह 7 बजे हमारी संयुक्त सुरक्षाबलों की टीम गस्त पर निकली थी। जिसके बाद घने जंगलों के बीच अचानक नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद डीआरजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने उन्हें मुहतोड़ जवाब देते हुए खदेड़ दिया। इस मुठभेड़ किसी भी जवान को कोई चोट नहीं आई है।

# 18 लाख रूपये नगदी जप्त किया गया

### क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और मंदिर हसौद थाना पुलिस की कार्रवाई

**रायपुर,14 मार्च, 2024 (ए)।** 18 लाख रूपये नगदी रकम जप्त किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका के पास 18,62,200/- रूपये जप्त किया गया। थाना मंदिर हसौद में धारा 102 के तहत जप्ती कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार 14 मार्च को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका के पास वाहनों की आकस्मिक चेकिंग कर रही थी।

चेकिंग के दौरान चारपहिया वाहन क्रमांक ओ डी/15/यू/9001 को चेक करने पर बैग में लाखों रूपये



नगदी रकम रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वाहन में सवार व्यक्ति से लाखों रूपये नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था।




# बलौदाबाजार जिले में कांग्रेस नेता की हत्या

**बलौदाबाजार,14 मार्च, 2024 (ए)।** बलौदाबाजार जिले में एक कांग्रेस नेता की हत्या होने की सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। यहां एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि आपसी रंजिश के चलते गांव के युवक ने कांग्रेस नेता की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दया राम जायसवाल पूर्व जनपद सदस्य थे। हालाकि पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह कसडोल थाना क्षेत्र का मामला है। जानकारी मिलने के बाद ही पूरे क्षेत्र में सनसनी है। पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# पुलिस कॉलोनी हत्याकांड का खुलासा

### प्रेमी निकला कातिल,गिरफ्तार

**रायपुर,14 मार्च, 2024 (ए)।** थाना विधानसभा क्षेत्र के आमासिवनी में पुलिस कॉलोनी में घुसकर जॉली सिंह की हत्या की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी उत्तर-प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कॉलोनी हत्याकांड का खुलासा हो गया है मृतिका का प्रेमी ही उसका निकला कातिल निकला। थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पुलिस हाउसिंग बोर्ड आमासिवनी स्थित मकान में दिया था हत्या की घटना को अंजाम। आरोपी मूलतः भदोही (उ.प्र.) का है।



रायपुर पुलिस के मुताबिक आरोपी एवं मृतिका का 04 वर्ष पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से हुआ था संपर्क। हत्या का कारण विवाह के लिये दबाव बनाना बताया जा रहा है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कैंची एवं 02 नग मोबाईल फोन किया गया है जप्त। आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 141/2024 धारा 302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी। शाबाश रायपुर पुलिस, गुड़ जॉब राजधानी पुलिस

इस पुर मामले के बाद पुलिस के लिए नाक का सवाल बने इस हत्याकांड को सुलझाने वाली राजधानी रायपुर पुलिस की उच्चाधिकारियों ने खासी तारीफ की है। पुरे मामले में निरीक्षक दीपक पासवान थाना प्रभारी विधानसभा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से उपनिरीक्षक सतीश पुरिया, सउनि. प्रेमराज बारिक, प्र.आर. रविकांत पाण्डेय, कुलदीप द्विवेदी, आर. मुनीर रजा, संतोष सिन्हा, सुरेश देशमुख, लालेश नायक, म.आर. बबीता देवांगन, थाना विधानसभा से उपनिरीक्षक सुशील वर्मा, प्र.आर. भुनेश्वर साहू तथा थाना खम्हारडीह से उपनिरीक्षक मनोज पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।महिला की हत्या उसके बॉयफ्रेंड ने की थी। दोनों की पहचान सोशल मीडिया पर रील्स से हुई थी। हत्या के दिन बॉयफ्रेंड डिलीवरी बॉय बनकर पहुंचा था। जिससे उसे कोई पहचान न सके।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)